डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



PG-5

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5

सिनेमा-इस गंभीर बीमारी से जूझ रही है चारू-राजीव की बेटी

वर्ष -08 अंक -128 | प्रयागराज, बुधवार 27, जुलाई, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### काबुल में गुरुद्वारे पर फिर हमला

**काबुल।** मुख्य द्वार पर बम विस्फोट की खबरअफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक बार फिर गुरुद्वारा करता पर हमला किया गया है। गुरुद्वारे के मुख्य द्वार एक बम विस्फोट हुआ है। हालांकि हिंदू और सिख समुदायों के सदस्यों के सुरक्षित होने की सूचना है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक बार फिर गुरुद्वारा करता पर हमला किया गया है। गुरुद्वारे के मुख्य द्वार के पास एक बम विस्फोट हुआ है। हालांकि हिंदू और सिख समुदायों के सदस्यों के सुरक्षित होने की सूचना है। इंडियन वर्ल्ड फोर्म के चैयरमेन पुनीत सिंह चंडोक ने यह जानकारी दी। बता दें कि एक महीने पहले भी करता परवन गुरुद्वारा पर इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) के सदस्यों ने हमला किया था। इस हमले में दर्जनों सिखों और तालिबान सदस्यों के मारे जाने का दावा किया गया था। बता दें कि अगस्त 2021 में तालिबान ने बीस वर्षों के बाद अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। सत्ता में तालिबान के आने के बाद से लगातार सिख समुदाय सहित अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक अफगानिस्तान में हिंसा का निशाना बन रहे हैं। तालिबान बार-बार सत्ता में आने के बाद से देश को सुरक्षित करने का दावा करता रहा है।

## गिरफ्तारी, छापेमारी, समन समेत ई डी के सभी अधिकार सही सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी, रेड, समन, बयान समेतएक्ट में को दिए गए सभी अधिकारों को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा है कि प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) को एफआईआर के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है। प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से दर्ज केस में फंसे लोगों को झटका देते हुए कोर्ट ने पीएमएलए कानून के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि 2018 में कानून में किए गए संशोधन सही हैं। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय के सभी अधिकारों को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी, रेड, समन, बयान समेत एक्ट में को दिए गए सभी अधिकारों को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा है कि प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) को एफआईआर के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है।




ईसीआईआर की कॉपी आरोपी को देना जरूरी नहीं है। गिरफ्तारी के दौरान कारणों का खुलासा करना ही काफी है। कोर्ट ने कहा है कि ईडी के सामने दिया गया बयान ही सबूत है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में पीएमएलए के कई प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए 100 से ज्यादा याचिकाएं दायर की गई थीं। इसमें ईडी की शक्तियों, गिरफ्तारी के अधिकार, गवाहों को समन व संपत्ति जब्त करने के तरीके और जमानत प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी। याचिकाएं कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम, एनसीपी नेता अनिल देशमुख व अन्य की ओर से दायर की गई थीं। सीआरपीसी का पालन करने के लिए बाध्य हो एजेंसी पीएमएलए कानून के तहत गिरफ्तारी, जमानत, संपत्ति की जब्ती का अधिकार सीआरपीसी के दायरे से बाहर हैं। याचिकाओं में कहा गया था कि पीएसएलए के कई प्रावधान असैंवधानिक हैं, क्योंकि संज्ञेय अपराध की जांच और ट्रायल के बारे में दी गई प्रक्रिया का पालन नहीं किया जाता है। याचिकाओं में कहा गया कि जांच एजेंसी को जांच करते समय सीआरपीसी का पालन करने के लिए बाध्य होना चाहिए। इस मामले में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी समेत कई वकील अपना पक्ष रख चुके हैं। 17 साल में सिर्फ 23 ठहराए गए हैं दोषी केंद्र सरकार ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि पीएमएलए कानून 17 साल पहले लागू हुआ था। तब से अब तक इस कानून के तहत 5,422 मामले दर्ज किए गए हैं। जबकि, सिर्फ 23 लोगों को ही दोषी ठहराया गया है। 31 मार्च तक ईडी ने एक लाख करोड़ से ज्यादा की संपत्ति अटैच की है और 992 मामलों में चार्जशीट दायर की है।

## फिर बढ़े कोरोना मरीज 18 हजार से ज्यादा नए केस, 57 ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली ।** कल की तुलना में आज नए केस ज्यादा मिले, लेकिन सक्रिय केस में 2486 की कमी आई है। आज देश में सक्रिय कोरोना केस की संख्या 1,45,026 दर्ज हुई। वहीं, दैनिक संक्रमण दर 4.31 फीसदी रही। देश में बुधवार को 18,313 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। ये मंगलवार की तुलना में अधिक ज्यादा मिले, लेकिन सक्रिय केस में 2486 की कमी आई है। आज देश में सक्रिय कोरोना केस की संख्या 1,45,026 दर्ज हुई। वहीं, दैनिक संक्रमण दर 4.31 फीसदी रही। मंगलवार की तुलना में बुधवार को मौतें भी ज्यादा हुईं। कल 36 लोगों की मौतें दर्ज हुई थीं, जबकि आज 57। बीते एक सप्ताह में देश



हैं। मंगलवार को 14,830 नए केस मिले थे। बुधवार को 57 मरीजों ने महामारी से दम तोड़ दिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बुधवार सुबह 8 बजे अपडेट आंकड़ों के अनुसार 20,742 लोग कोरोना से उबर गए। कल की तुलना में आज नए केस में कोरोना मामलों में तेजी से घट-बढ़ हुई। देश में कोविड संक्रमण का पता लगाने के लिए अब तक कुल 87.36 करोड़ परीक्षण किए गए हैं। दर्ज की गई है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण के तहत अब तक 202.79 करोड़ वैक्सीन खुराक दी जा चुकी है।



## अदम्य साहस और उत्कृष्ट सेवा का नाम है सीआरपीएफ, स्थापना दिवस पर बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली ।** पीएम मोदी ने एक ट्वीट में कहा, सीआरपीएफ के की भूमिका सराहनीय है।इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने



स्थापना दिवस पर सभी बहादुर जवानों, उनके परिवार के सदस्यों को बधाई। सीआरपीएफ ने अदम्य साहस और उत्कृष्ट सेवा के लिए अपनी एक पहचान स्थापित की है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 84वें स्थापना दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवानों व उनके परिवारों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, सुरक्षा संबंधी चुनौतियां हों या फिर मानवीय चुनौतियां, सीआरपीएफ की भूमिका हमेशा सराहनीय रही है।इस मौके पर पीएम मोदी ने एक ट्वीट में कहा, सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर सभी बहादुर जवानों, उनके परिवार के सदस्यों को बधाई। सीआरपीएफ ने अदम्य साहस और उत्कृष्ट सेवा के लिए अपनी एक पहचान स्थापित की है। सुरक्षा संबंधी चुनौतियां हों या फिर मानवीय चुनौतियां, सीआरपीएफ भी जवानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ट्वीट में लिखा, अपने शौर्य से सीआरपीएफ ने न सिर्फ देश की सुरक्षा को अक्षुण्ण रखने में अद्वितीय योगदान दिया है बल्कि वीरता का एक गौरवशाली इतिहास भी बनाया है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। 83वें स्थापना दिवस की सीआरपीएफ के जवानों को शुभकामनाएं देता हूं और उनकी राष्ट्रसेवा व समर्पण को सलाम करता हूं। सीआरपीएफ देश के सबसे पुराने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक है और इसके पास देश की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी है।आज ही के दिन 1939 में क्राउन रिप्रजेंटेटिव पुलिस के रूप में इसका गठन हुआ था। आजादी के बाद 28 दिसम्बर, 1949 को संसद के एक अधिनियम द्वारा इस बल को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नाम दिया गया था।

## बेटी प्रियंका के साथ ईडी दफ्तर पहुंचीं सोनिया मुंबई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोकी ट्रेन

**नई दिल्ली ।**नेशनल हेराल्ड मामले में आज सोनिया गांधी जहां दिल्ली स्थित ईडी दफ्तर में पेश होंगी वहीं पात्रा चॉल घोटाले मामले में शिवसेना सांसद संजय राउत से मुंबई में पूछताछ होगी। इस पूछताछ का विरोध करने के लिए कांग्रेस एक बार फिर सड़क से लेकर संसद तक प्रदर्शन करेगी। बता दें कि कल राहुल गांधी ने ईडी की कार्रवाई का विरोध करते हुए विजय चौक पर धरना दिया था। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। ईडी से पूछताछ से जुड़े पल-पल के अपडेट के लिए जुड़े रहें अमर उजाला के साथ नेशनल



हेराल्ड मामले में पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुंबई के बोरीवली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रोकने की कोशिश की। कुछ लोग ट्रेन रोकने आए लेकिन कामयाब नहीं हुए, उन्हें हिरासत में लिया गया है। नेशनल हेराल्ड मामले में तीसरे दिन की पूछताछ के लिए कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी अपनी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय पहुंची।द्वारा कांग्रेस पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेता और राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार और ईडी पर जमकर हमला बोला। गहलोत ने कहा कि ईडी ने देश में आतंक मचा रखा है। ईडी का उपयोग राज्यों में सरकार गिरान के ले की जा रही है।कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बार-बार धमकी दे रही है, कांग्रेस को बदनाम और परेशान करने की कोशिश कर रही है। सोनिया गांधी की तबियत ठीक नहीं है लेकिन फिर भी परेशान किया जा रहा है।उन्हें लगता है ऐसा करने से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटेगा लेकिन हम पीछे नहीं हटने वाले हैं। देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने 20 नवंबर 1937 को एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड यानी का गठन किया था। इसका उद्देश्य अलग-अलग भाषाओं में समाचार पत्रों को प्रकाशित करना था। तब के अंतर्गत अंग्रेजी में नेशनल हेराल्ड हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज समाचार पत्र प्रकाशित हुए। भले ही के गठन में पं. जवाहर लाल नेहरू की भूमिका थी, लेकिन इस पर मालिकाना हक कभी भी उनका नहीं रहा। क्योंकि, इस कंपनी को 5000 स्वतंत्रता सेनानी सपोर्ट कर रहे थे और वही इसके शेयर होल्डर भी थे। 90 के दशक में ये अखबार घाटे में आने लगे। साल 2008 तक पर 90 करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज चढ़ गया। तब ने फैसला किया कि अब समाचार पत्रों का प्रकाशन नहीं किया जाएगा। अखबारों का प्रकाशन बंद करने के बाद प्रॉपर्टी बिजनेस में उतरी।तो विवाद कहां से शुरू हुआ 2010 में के 1057 शेयरधारक थे। घाटा होने पर इसकी होल्डिंग यंग इंडिया लिमिटेड यानी को ट्रांसफर कर दी गई। यंग इंडिया लिमिटेड की स्थापना उसी वर्ष यानी 2010 में हुई थी। इसमें तत्कालीन कांग्रेस पार्टी के महासचिव राहुल गांधी डायरेक्टर के रूप में शामिल हुए। कंपनी में 76 प्रतिशत हिस्सेदारी राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी के पास रखी गई। शेष 24 फीसदी कांग्रेस नेताओं मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस (दोनों का निधन हो चुका है) के पास थी। शेयर ट्रांसफर होते ही के शेयर होल्डर्स सामने आ गए। पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण, इलाहाबाद व मद्रास उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश मार्कंडेय काटजू सहित कई शेयरधारकों ने आरोप लगाया कि जब ने का 'अधिग्रहण' किया था तब उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया था। यही नहीं, शेयर ट्रांसफर करने से पहले शेयर होल्डर्स से सहमति भी नहीं ली गई। बता दें कि शांति भूषण और मार्कंडेय काटजू के पिता के नाम पर में शेयर था। सुब्रमण्यम स्वामी ने दर्ज कराया था मामला 2012 में भाजपा के नेता और देश के नामी वकील सुब्रमण्यम स्वामी ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीस पत्रकार सुमन दुबे और टेकनेक्रेट सैम पित्रोदा के खिलाफ मामला दर्ज कराया। तब केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार थी। सुब्रमण्यम स्वामी ने दावा किया कि ने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति और लाभ हासिल करने के लिए गलत तरीके से निष्क्रिय प्रिंट मीडिया आउटलेट की संपत्ति को अधिग्रहित किया। स्वामी ने यह भी आरोप लगाया कि ने 90.25 करोड़ रुपये की वसूली के अधिकार हासिल करने के लिए सिर्फ 50 लाख रुपये का भुगतान किया था, जो पर कांग्रेस पार्टी का बकाया था। यह राशि पहले अखबार शुरू करने के लिए कर्ज के रूप में दी गई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि को दिया गया कर्ज अवैध था, क्योंकि यह पार्टी के फंड से लिया गया था।संजय राउत को 27 जून को 1,034 करोड़ रुपये के पात्रा चावल भूमि घोटाला मामले में ईडी द्वारा पहला समन मिला था। वह पात्रा चॉल के संबंध में अपना बयान दर्ज करने के लिए मुंबई में ईडी के सामने पेश हुए थे। वहीं उन्हें फिर दूसरी बार जब समन भेजा गया तो उन्होंने संसद चलने का हवाला दिया था और कुछ वक्त मांगा था ।

## सुप्रीम कोर्ट के वकील विनीत जिंदल को धमकी, 'सिर तन से जुदा होगा'

**नई दिल्ली ।**उन्होंने ट्वीट के साथ एक कागज भी शेयर किया है जिस पर लिखा है, 'अल्लाह का पैगाम है विनीत जिंदल तेरा भी सर तन से जुदा करेंगे जल्द ही।' दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के वकील विनीत जिंदल को अज्ञात व्यक्ति ने पत्र भेजकर जान से मारने की धमकी दी है। पत्र में लिखा है कि 'सिर तन से जुदा होगा'। जिंदल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपने और परिवार की जान को खतरा बताया है।दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। विनीत ने पिछले दिनों हिंदू



देवी-देवताओं के अपमान का आरोप लगाते हुए अजमेर दरगाह से जुड़े सरवर चिश्ती के बेटे आदिल चिश्ती के खिलाफ पुलिस को शिकायत की थी। धमकी भरा पत्र मिलने की जानकारी जिंदल ने मंगलवार रात ट्वीट कर दी। वकील जिंदल को पहले भी देश और विदेशी नंबरों से जान से मारने की धमकी मिली है।अल्लाह का पैगाम है विनीत जिंदल तेरा भी सर तन से जुदा करेंगे जल्द ही जिंदल ने कहा कि जिहादियों ने मेरा भी सिर तन से जुदा करने की धमकी दी है। मेरे घर पर पत्र भेजा गया। मेरी और मेरे परिवार की जान को खतरा है। यह बात पहले ही दिल्ली पुलिस मान चुकी है। दिल्ली पुलिस के आयुक्त व उत्तर पश्चिम दिल्ली के उपायुक्त से आग्रह है कि इस पर कार्रवाई करें। उन्होंने ट्वीट के साथ एक कागज भी शेयर किया है जिस पर लिखा है, "अल्लाह का पैगाम है विनीत जिंदल तेरा भी सर तन से जुदा करेंगे जल्द ही।खादिम चिश्ती की पुलिस में शिकायत की थी जिंदल ने पिछले दिनों अजमेर दरगाह से जुड़े खादिम आदिल चिश्ती के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। माना जा रहा है कि इसी कारण उन्हें धमकी दी गई। दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि आखिर किसने और क्यों उन्हें धमकी दी। पुलिस ने बताया कि विनीत जिंदल को दिल्ली पुलिस की ओर से पहले ही सुरक्षा मिली हुई है। जिंदल की सुरक्षा के लिए एक निजी सुरक्षा अधिकारी को तैनात किया गया है। कोई घर में फेंक कर गया पत्र जिंदल का आरोप है कि उन्हें पहले भी देश व विदेशी नंबरों से जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने बताया कि उनके घर पर सीसीटीवी कैमरा लगा है, लेकिन पर्ची फेंकने वाले का चेहरा इस कैमरे में कैद नहीं हो पाया।

## एक से मोहब्बत, दूसरे से नफरत ओवैसी का तंज

**नई दिल्ली ।** कावंडियों पर फूल बरसा रहे हैं, तो कम से कम सांसद ने योगी सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा, कांवडियों के जज्बात इतने कमजोर हैं कि वे किसी मुसलमान पुलिसकर्मी का नाम भी बर्दाश्त नहीं कर सकते। यह भेद-भाव क्यों उत्तर प्रदेश में कांवडि़यों पर हो रही पुष्प वर्षा पर सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने तंज कसा है। उन्होंने योगी सरकार का नाम लिए बिना कहा, अगर उन पर फूल बरसा रहे हैं, तो कम से कम हमारे घर तो मत तोडिए। ओवैसी ने कुछ अखबारों की फोटो शेयर करते हुए लिखा, यह 'रेवड़ी कल्चर' नहीं है मुसलमान, खुली जगह पर चंद मिनट के लिए के नमाज भी अदा करे तो बवाल हो जाता है। मुसलमानों को सिर्फ मुसलमान होने की वजह से पुलिस की गोलियों, एनएसए, यूएपीए, लिंचिंग और बुलडोजर का सामना करना पड़ रहा है।

## पार्थ चटर्जी के बाद अब टीएमसी विधायक मानिक भट्टाचार्य घेरे में, आज ईडी करेगा पूछताछ

**नई दिल्ली ।** ईडी के दफ्तर पहुंचने के लिए तृणमूल विधायक भट्टाचार्य बुधवार सुबह अपने कोलकाता स्थित घर से रवाना हो गए हैं। ईडी ने उन्हें समन भेजकर तलब किया है। उनसे एसएससी के शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर पूछताछ की जाएगी। पश्चिम बंगाल के चर्चित एसएससी शिक्षक भर्ती घोटाले में मंत्री पार्थ चटर्जी व उनकी सहयोगी के बाद अब सत्तारूढ़ टीएमसी के विधायक मानिक भट्टाचार्य घेरे में हैं। आज ईडी भट्टाचार्य से पूछताछ करेगा। ईडी के दफ्तर पहुंचने के लिए तृणमूल विधायक भट्टाचार्य बुधवार सुबह अपने कोलकाता स्थित घर से रवाना हो गए हैं। ईडी ने उन्हें समन भेजकर तलब किया है। उनसे





एसएससी के शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर पूछताछ की जाएगी। इसी मामले में पहले पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को गिरफ्तार किया जा चुका है। इससे पहले ईडी की विशेष अदालत ने पश्चिम बंगाल के मंत्री और राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी दोनों को 3 अगस्त तक ईडी की हिरासत में सौंपा है। चटर्जी व मुखर्जी को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था। ईडी शिक्षक भर्ती घोटाले में वित्तीय लेनदेन की जांच कर रहा है। ईडी ने पहले चटर्जी के घर छापा मारा था और फिर उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के घर। अर्पिता के घर से 20 करोड़ रुपये नकद जब्त हुए थे।

## क्या अब उद्धव के घर में भी होगी बगावत सीएम शिंदे से मिलीं बाल ठाकरे की बहू

**महाराष्ट।** स्मिता ठाकरे ने इस मुलाकात को एक शिष्टाचार भेंट बताया है। उन्होंने कहा है कि एकनाथ शिंदे पुराने शिवसैनिक हैं, जो अब मुख्यमंत्री बन गए हैं। ऐसे में मैं उन्हें बधाई देने आई हूं। महाराष्ट्र में शिवसेना विधायकों की बगावत के बाद उद्धव ठाकरे ने सत्ता गंवा दी। अब उनके हाथ से पार्टी भी जाती दिख रही है। इस बीच उद्धव के परिवार में भी बगावत के सुर फूटने लगे हैं। खबर है कि बाला साहेब ठाकरे की बहू स्मिता ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की है। इसके बाद से कई तरह की चर्चाओं ने घर कर लिया है। खास बात यह है कि शिंदे से मुलाकात करने वाली स्मिता ठाकरे परिवार की पहली सदस्य हैं। हालांकि, स्मिता ठाकरे ने इस मुलाकात को एक शिष्टाचार भेंट बताया है। उन्होंने कहा है कि



एकनाथ शिंदे पुराने शिवसैनिक हैं, जो अब मुख्यमंत्री बन गए हैं। ऐसे में मैं उन्हें बधाई देने आई हूं। उन्होंने कहा, मैं उनके काम को पिछले कई सालों से जानती हूं। बगावत पर साध गईं चुप्पी स्मिता शिवसेना में होने वाली बगावत के बीच इस मुलाकात के सवाल पर चुप्पी साध गईं। उन्होंने कहा, मैं इस बारे में कुछ भी नहीं जानती हूं। मैं एक सामाजिक कार्यकर्ता हूं और राजनीति में नहीं हूं। इसलिए, पार्टी में क्या हो रहा, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। कौन हैं स्मिता ठाकरे स्मिता ठाकरे बाल ठाकरे की बहू और जयदेव ठाकरे की पत्नी हैं। जयदेव ठाकरे, शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के दूसरे बेटे थे। बाल ठाकरे के सबसे बड़े बेटे बिंदु माधव की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। दूसरे नंबर के बेटे जयदेव ठाकरे हैं, वहीं तीसरे बेटे उद्धव ठाकरे हैं। जानकारी के मुताबिक, जयदेव ठाकरे ने स्मिता से तलाक ले लिया था और अलग रहने लगे थे।

# फोर्ड स्कूल में मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नैनी, (प्रयागराज)।** फोर्ड स्कूल एंण्ड कॉलेज, काजीपुर का केन्द्रिय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएससी ) परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा जिसमें 91 प्रतिशत छात्र-छात्रायें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया जिसके लिये प्रधानाचार्या ने सभी स्टाफ व शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी। फोर्ड स्कूल एंण्ड कॉलेज से साक्षी सिंह, शिव कैलाश शुक्ला तथा श्लोक पाण्डेय नें सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर फोर्ड स्कूल एंण्ड कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं का यह परिणाम कॉलेज की शिक्षिकाओं द्वारा गुणवत्तारक शिक्षा का नतीजा है। प्रधानाचार्या ने मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया व उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। प्रधानाचार्या नें शिक्षको को भी उनकी कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित किया। परिणाम घोषित होनें के बाद सभी छात्र छात्राओं में खुशी की लहर देखी गयी।





# शुआट्स में परास्नातक विषयों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग प्रारम्भ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नैनी, (प्रयागराज)।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज में परासनतक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग सोमवार से प्रारम्भ हुई जिसका उद्घाटन कुलपति बिशप प्रो0 राजेन्द्र बी. लाल ने किया। कुलपति बिशप प्रो0 राजेन्द्र बी. लाल ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस 112 वर्ष पुराने संस्थान की स्थापना परमेश्वर के आशीष से हुई। जिन्होंने परमेश्वर की आज्ञा का पालन किया उन्होंने पृथ्वी पर एक से एक आविष्कार किये। परमेश्वर के आशीष से ही आप सब शुआट्स में अपना कैरियर बनाने आए हैं, आप गुणवत्तापरक शिक्षा, तकनीक, अनुसंधान के साथ-साथ सदाचार, अनुशासन और जीविते परमेश्वर के कार्य का भी अनुभव करेंगे। आप, परमेश्वर पर विश्वास रखें, माता-पिता की आज्ञा का पालन करें, गुरूजनों की शिक्षा को गम्भीरता के साथ ग्रहण करें, लगन से अध्ययन करें आपको निश्चित सफलता मिलेगी। कुलसचिव प्रो. रॉबिन एल प्रसाद ने बताया कि सभी विभागों के लगे काउंटर पर विशेषज्ञों ने छात्रों को कैरियर, प्लेसमेंट आदि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी व उनके कैरियर को चुनने में परामर्श दिया। फोरेंसिक साइंस विभाग द्वारा आधुनिक तकनीक से पारदर्शितापूर्ण काउंसिलिंग में सहयोग किया गया। डीन छात्र कल्याण, सुरक्षा समिति, प्रॉक्टोरियल बोर्ड, वार्डेन समिति, एन्टी रैगिंग सेल ने छात्रों के अभिभावकों को उनके बच्चों की काउंसिलिंग में सुचारू प्रतिभागिता हेतु सहयोग दिया। चेयरमैन प्रवेश परीक्षा और एडमीशन डॉ. सी. जॉन वेस्ली के अनुसार प्रथम दिन की काउंसिलिंग में अभ्यथिर्यों का रूझान एमएससी एग्रीकल्चर के एग्रोनॉमी, जेनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग, हार्टीकल्चर, एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एम0बी0ए0 एग्रीबिजनेस की ओर देखने को मिला, लगभग 500 बच्चों ने विभिन्न परासनतक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग में प्रतिभाग किया। मंगलवार की काउंसिलिंग हेतु मेरिट क्रमांक 201-700 तक के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया है।





# असिस्टेंट प्रोफेसर के 133 चयनितों को 29 को आवंटित होंगे कॉलेज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (यूपीएचईएससी) ने असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी का अंतिम चयन परिणाम उच्च शिक्षा निदेशालय को भेज दिया है। निदेशालय ने चयनित




अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की तिथि भी निर्धारित कर दी है। अभ्यर्थियों को 29 जुलाई को कॉलेज आवंटित कर दिए जाएंगे। प्रदेश के अशासकीय महाविद्यालयों में विज्ञापन संख्या-50 के तहत 47 विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 2002 पदों पर भर्ती होनी है। निदेशालय अब तक 41 विषयों के चयनित अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित कर उन्हें नियुक्ति पत्र जारी कर चुका है। अब 42वें विषय के अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित होने जा रहे हैं। निदेशालय को असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी के 133 पदों का अंतिम चयन परिणाम मिल गया है। सहायक निदेशक डॉ. बीएल शर्मा के अनुसार 28 जुलाई को जांच के बाद डाटा एनआईसी लखनऊ को भेज दिया जाएगा और 29 जुलाई को कॉलेज आवंटित करने के साथ ही अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए जाएंगे। अंग्रेजी के बाद अब असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीतिशास्त्र के 109, चित्रकला के चार, बायोकेमेस्ट्री का एक, संगीत तबला के दो और असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र के 100 पदों पर चयनित अभ्यथिर्यों को कॉलेज आवंटित होने का इंतजार है। यूपीएचईएससी इन विषयों का अंतिम चयन परिणाम भी जारी कर चुका है। हालांकि, उच्च शिक्षा निदेशालय को अभी इन विषयों के रिजल्ट प्राप्त नहीं हुए हैं। इसके अलावा असिस्टेंट प्रोफेसर विधि के 41 पदों पर भर्ती के लिए अभी इंटरव्यू होना है।

# शुआट्स में दूसरे दिन पीजी काउंसिलिंग में 500 ने कराया पंजीकरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नैनी, (प्रयागराज)।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज में परासनातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु चल रही काउंसिलिंग के दूसरे दिन मंगलवार को लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया। चेयरमैन प्रवेश परीक्षा और एडमीशन डॉ. सी. जॉन वेस्ली के अनुसार दूसरे दिन की काउंसिलिंग में अभ्याथिर्यों ने एम0एस0सी0, एम0टेक0, एमबीए, एम0एड0 आदि विषयों में प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया।




डा. वेस्ली के अनुसार बुधवार की काउंसिलिंग हेतु मेरिट क्रमांक 701-1200 तक के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। डा. वेस्ली ने बताया कि विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट पर उल्लेखित विषयों में प्रवेश हेतु ओपेन आनलाईन काउंसिलिंग द्वारा भी छात्र-छात्राओं का प्रवेश लिया जा रहा है अमूल एवं महिन्द्रा में शुआट्स के 7 छात्रों का चयन नैनी, प्रयागराज। सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में निदेशालय कैरियर प्लानिंग एण्ड काउंसिलिंग द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राईव में दो कंपनियों अमूल की बानस डेयरी एवं महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा में 07 छात्र-छात्राओं को सफलता प्राप्त हुई।निदेशक, कैरियर प्लानिंग एण्ड काउंसिलिंग डॉ. देवराज बडुगू ने बताया कि राष्ट्रीयकृत कंपनी अमूल की बानस डेयरी द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राइव में मिल्क प्रोक्यूरमेन्ट सुपरवाईजर पद पर बीएससी डेयरिंग के तीन बच्चों का चयन हुआ। इसी प्रकार महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा (स्वाराज डिवीजन) द्वारा ग्रेजुएट एग्रीकल्चर टेड्ढनी पद पर बीटेक एग्रीकल्चर के चार बच्चों का चयन किया गया। कुलपति, मोस्ट रेव्ह प्रो. (डॉ.) राजेंद्र बी लाल ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की।

# सरकार बताए, प्रदेश में जाति स्क्रूटनी कमेटियों ने कितने मामले निपटाए

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को प्रदेश के प्रमुख सचिव समाज कल्याण को निर्देश दिया है कि वह प्रदेश के सभी जिलों में गठित जिला स्तरीय जाति स्क्रूटनी कमेटियों द्वारा किए गए कार्यों का विवरण दें। बताएं कि कमेटियों ने कितने मामलों का निस्तारण किया। गाजीपुर की नागरिक सेवा समिति दिलदारनगर की प्रबंध समिति व अन्य की तरफ से दाखिल जनहित याचिका पर मामले की सुनवाई मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की खंडपीठ कर रही थी। मामले की अगली सुनवाई छह सितंबर को होगी। कोर्ट ने कहा कि प्रदेश सरकार कोर्ट को यह अवगत कराए कि प्रत्येक जिलों में गठित जिला स्तरीय जाति स्क्रूटनी कमेटियां क्या काम कर रही हैं और कितने जाति से संबंधित गलत प्रमाणपत्रों का उनके द्वारा निस्तारण किया गया है। कोर्ट ने सभी जिलों से जाति संबंधी शिकायतों व उसके निस्तारण की सूची कोर्ट को मुहैया कराने का निर्देश दिया है याचिका में कहा गया था कि समाज कल्याण विभाग के उप सचिव



राकेश कुमार सचान द्वारा 27 अगस्त 2021 को जिलाधिकारी गाजीपुर को भेजे गए पत्र के बावजूद डीएम की जाति स्क्रूटनी कमेटी ने याची के मामले पर कोई निर्णय नहीं लिया। याचिका में गाजीपुर में जाति स्क्रूटनी कमेटी का गठन कर मामले का निस्तारण किए जाने की मांग की गई थी याचिका की सुनवाई के दौरान प्रदेश सरकार के अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता रामानंद पांडेय ने कोर्ट को बताया कि प्रदेश सरकार ने हर जिले में जाति संबंधी विवादों के निस्तारण के लिए जिला स्तरीय जाति स्क्रूटनी कमेटियों का गठन कर रखा है बताया गया कि इस कमेटी का चेयरमैन जिलाधिकारी होता है और कमेटी जाति संबंधी शिकायतों का निस्तारण करती है। कोर्ट ने कहा यदि कमेटी सही तरीके से काम कर रही होती तो शासन के 27 अगस्त 2021 के पत्र के बावजूद डीएम गाजीपुर ने याची के जाति संबंधी गलत प्रमाणपत्र जारी होने के शिकायत पर निर्णय क्यों नहीं लिया। यह था मामल याची का कहना था कि दिलदारनगर, गाजीपुर के रामधनी राम, जमानिया तहसील के संदीप कुमार खरवार, अन्य पिछड़ी जाति के है।

# अजीत नगर मे हुआ भंडारे का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**
**प्रतापगढ़।** सावन के दूसरे सोमवार को अमरनाथ बाबा का दर्शन करके लौटे प्रतापगढ़ के दर्शनाथिर्यों ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। राहगीरों ने भी भंडारे का प्रसाद सावन के महीने मे बाबा भोलेनाथ के नाम पर ग्रहण किया।काँवरिये भी रुक कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किये।दोपहर से भंडारा शुरू हुआ जो निरंतर आठ बजे रात्रि तक चलता रहा हजारों भक्तों और राहगीरों ने खाया बाबा भोलेनाथ का प्रसाद। भंडारे का आयोजन सभी अमरनाथ यात्रियों ने मिलकर किया। मुख्य रूप से रामकृष्ण पांडेय बाबा चश्मे वाले, सूरज श्रीवास्तव बृजेन्द्र सिंह बब्बू, जालिम सिंह, शैलेंद्र सिंह, राजीव सिन्हा प्रवेश सिंह तरुण सोनी, अमित सिंह सुनील दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।



# अपर जिला मजिस्ट्रेट ने 11 गुण्डों को किया जिला बदर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**
**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रां में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे 11 व्यक्तियों को अपर जिला मजिस्ट्रेट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होने थाना कोहड़ौर ग्राम कान्धरपुर के शैलेन्द्र प्रताप सिंह सुत सुरेश प्रताप सिंह, थाना लालगंज ग्राम खजुरी के राजेश यादव सुत छेदीलाल यादव, थाना कन्धाई ग्राम उतरास के अमित कुमार गुप्ता सुत राज जीत गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता उर्फ गट्टू सुत राम अवतार व उमेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दादा सुत जय बहादुर सिंह, थाना मानिकपुर ग्राम पश्चिम का पुरवा देहगरी जमालपुर के राकेश कुमार यादव सुत मोहन लाल, थाना रानीगंज ग्राम अवधानपुर के अकरम सुत रहमत उल्ला, ग्राम हरनाहपुर के ऋषि केश सुत बद्री प्रसाद, गोलू दूबे सुत प्रभुनाथ, पवन दूबे सुत कमलेश कुमार व सूरज दूबे सुत महेश कुमार को जनपद की सीमा से 06 माह के लिये जिला बदर किया है।

# सन्त कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना हेतु करें आवेदन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**
**प्रतापगढ़।** सहायुक्त आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग प्रयागराज परिक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जनपद प्रयागराज, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, प्रतापगढ़ एवं कौशाम्बी के समस्त हथकरघा बुनकर, मास्टर वीवर, डिजाईनर आदि वर्ष 2022-23 हेतु सन्त कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजनान्तर्गत हथकरघा पर निर्मित वस्त्रों में से उत्कृष्ट उत्पादों के चयन हेतु फुल साईज के सैम्पुल पूर्ण विवरण सहित जैसे वार्प, बेफ्ट, सूत, रंग, डिजाईन तथा उनका तकनीकी विवरण सहित कार्यालय सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग 67 लाउदर रोड, प्रयागराज द्वारा दिनांक 19 सितम्बर 2022 तक मांगे गये है जिनका चयन समिति द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में किया जायेगा। यह जानकारी सहायक आयुक्त हथकरघा, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग परिक्षेत्र प्रयागराज द्वारा दी गयी है।

# जनपद में धूमधाम से मनाया गया बिजली महोत्सव,साँस्कृतिक प्रस्तुति से सरसता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**
**प्रतापगढ़।**आजादी के 75वीं वर्षगाँठ के अवसर पर चल रहे अमृत महोत्सव के तहत जनपद में बिजली महोत्सव का कार्यक्रम तुलसीसदन (हादीहाल) में धूमधाम से मनाया गया। तुलसीसदन में बिजली महोत्सव के अन्तर्गत "उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य, पावर 2047" कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि भारत सरकार विद्युत मंत्रालय द्वारा रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (पुनीत्थान वितरण क्षेत्र योजना) लागू की जा रही है जिसके तहत 3 लाख 3758 करोड़ की धनराशि आवंटित की गयी है इसके अन्तर्गत पूरे भारत में 25 करोड़ नये कनेक्शन दिये जायेगें, स्मार्ट मीटर लगाये जायेगें और बिजली की आधारभूत समस्याओं को दूर किया जायेगा। कृषि फीडर को सौर ऊर्जा से संचालित किया जायेगा। इस अवसर पर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत सत्यपाल ने बताया कि जनपद में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत 52 करोड़ 54 लाख की धनराशि प्राप्त हुई थी जिसमें 49 नये गांव का विद्युतीकरण हुआ, 1 लाख 21 हजार 561 नये कनेक्शन दिये गये है। सौभाग्य योजना के तहत 74 करोड़ 73 लाख की धनराशि प्राप्त हुई थी जिसमें 1765 गावों का विद्युतीकरण किया गया जिसमें 54816 निःशुल्क विद्युत कनेक्शन विद्युत धारकों को दिये गये।अवशेष गांवों का विद्युतीकरण सौभाग योजना-तृतीय के अन्तर्गत विद्युतीकरण किया जायेगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि भारत सरकार और उ0प्र0 सरकार ने विद्युत क्षेत्र में घर-घर विद्युत पहुँचाने और आधारभूत संरचना मजबूत करने हेतु विभिन्न योजनायें संचालित कर रही है, गरीबों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन दिये जा रहे है, विद्युत विभाग की शिकायतों हेतु निःशुल्क टोल फ्री नम्बर 1912 चौबीस घंटे संचालित है। उन्होने लोगों से अपील करते हुये कहा कि समय से विद्युत बिल जमा करें ताकि निर्बाध रूप से बिजली प्राप्त होती रहे। इस दौरान आरईसी लिमिटेड के परियोजना अभियन्ता भृगुराज पाण्डेय द्वारा भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की विभिनन योजनाओं के सम्बन्ध में जानकादी दी गयी। बिजली महोत्सव कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग की उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं के सम्बन्ध में लघु फिल्म दिखायी गयी तथा शिल्पी कठपुतली नृत्य, लोकगायक राजेश तिवारी द्वारा सहज, सरल शब्दों में विद्युत विभाग की उपलब्धियों के सम्बन्ध में उपस्थित उपभोक्ताओं को जानकारी दी गयी। नुक्कड़ नाटक रंगमंच कलाकार गणेश शर्मा द्वारा सेव एनर्जी के सम्बन्ध में नुक्कड़ नाटक की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा सौभाग्य योजना के लाभाथिर्यों को एलईडी बल्ब का वितरण किया गया।इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार सहित सौभाग्य योजना के लाभार्थी, विद्युत उपभोक्ता, विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0अनीस द्वारा किया गया।

# तिलौरी के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मिल ग्राम पंचायत के कार्यों की जाँच करवाने का दिया प्रार्थना पत्र,अनियमितता का आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**
**प्रतापगढ़।** विकासखंड लक्ष्मणपुर के वर्तमान ग्राम प्रधान व प्रधानपति अख्तर द्वारा जनता के पैसों से करवाये गये जनकार्यों मसलन खडन्जा, हैण्डपम्प बोर, रिबोर, पेयजल, सेनीटेशन, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय निर्माण व गलत जॉब कार्ड सक्षम अधिकारी द्वारा गहन जाँच करवाने हेतु ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मिलकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। अब्दुल कयूम सूत अब्दुल रशीद एवं 16 अन्य ग्रामीणों ने शपथ पत्र के साथ जिलाधिकारी महोदय को ग्राम सभा तिलौरी तहसील-लालगंज, प्रतापगढ़ के ग्रामसभा में विगत पाँच पंचवर्षीय योजनाओं में अनियमिता का आरोप लगाते हुए मो0 अख्तर सुत हामिद अली तथा उनकी पतनें श्रीमती अख्तरून निशा पर आरोप लगाकर कहा ये दोनों अनवरत येन केन प्रकारेण प्रधान निर्वाचित होते चले आ रहे हैं, जिससे वर्तमान प्रधान श्रीमती अख्तरून व प्रधानपति मो0 अख्तर निरंकुश हो चले है तथा जानता के धन से कराये जाने वाले कार्यो उदाहरणतः खडन्जा निर्माण, हैण्डपम्प बोर, रिबोर, पेयजल व सेनेट्रीकार्य, स्ट्रीटलाइट व कोविड-19 व शौचालय / प्रधानमंत्री आवास के कार्य सम्पनन्ता में घोर अनियमिता व लापरवाही बरती गयी।यहाँ तक कि मो0 अख्तर व वर्तमान प्रधान श्रीमती अख्तरून द्वारा जनता के धन को बिना कोई कार्य स्थल पर करवाये हुये गलत ढंग से निकाल लिया गया तथा क्षेत्र का विकास उनके इस कृत्य से प्रभावित हो रहा है। विगत वर्षों में कराये गये विकास कार्यों के सम्बन्ध में जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगने पर भी कोई समुचित उत्तर नहीं प्राप्त हो पाया है। प्रधान अख्तरून व प्रधान पति मो0 अख्तर अत्यन्त ही प्रभावशाली, दबंग तथा गुण्डा किस्म के व्यक्ति है उनके डर व आतंक के फलस्वरूप क्षेत्रीय जन सामान्य उनका विरोध करने से डरते है।ऐसी स्थिति में विगत पच्चीस वर्षों में उपरोक्त पूर्व प्रधान मो0 अख्तर (प्रधानपति वर्तमान प्रधान अख्तरून) व वर्तमान प्रधान अख्तरून द्वारा करवाये गये विकास कार्यों का किसी सक्षम अधिकारी द्वारा गहन जाँच करवाकर जनता के धन का दुरूपयोग करने के सम्बन्ध में प्रभावी दण्डात्मक कार्यवाही करने की कृपा की जाये तथा दुरूपयोग किये गये सरकारी धन की वसूली करना अति आवश्यक है इतना ही नहीं बल्कि शौचालय का निर्माण करवाये बिना सरकारी धन हड़प कर लिया गया तथा ग्राम सभा को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया गया जो पूर्णतः नियम विरूद्ध है। उक्त द्वारा अपने परिजनों के जॉब कार्ड नियम विरूद्ध बनाकर उनको आर्थिक लाभ अनवरत पहुँचाया जा रहा है।अपनी माँ के नाम जाब कार्ड बनवाया जबकि मो0अख्तर एवं उनकी माँ की आयु में मामूली अन्तर यह बता रहा है कार्ड फर्जी ढंग से बनाये गये हैं।प्रार्थना पत्र के साथ कराये गये कार्यों व उस पर खर्च धनराशि से सम्बन्धित प्रपत्र किया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि पच्चीस वर्षों में कराये गये विकास कार्यों की गुणवत्ता वास्तविकता तथा बिना कोई कार्य स्थल पर करवाये धन हड़प करने की जाँच किसी सक्षम उच्चाधिकारी से करवायें।मो0अख्तर के विरुद्ध कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं उसने इस संवाददाता को खबर लिखने के कारण उसे रंगदारी के मुकदमे में भी फँसाने का प्रयास किया है जिससे पत्रकारों में आक्रोश है।पत्रकार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ऐसे दबंग एवं अपराधिक किस्म के प्रधान के विरुद्ध कार्यवाही करने की माँग की है।

# ओबीसी अभ्यर्थी की करनी होगी नियुक्ति

**प्रयागराज।** विशेष अपील खारिजदो निवास प्रमाण पत्र देने पर असफल घोषित किए गए ओबीसी अभ्यर्थी की नियुक्ति पर विचार करने के हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार और पुलिस भर्ती बोर्ड की स्पेशल अपील इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने खारिज कर दी।सिपाही भर्ती 2015 के ओबीसी अभ्यर्थी इमरान खान को नियुक्ति देने के एकल पीठ के आदेश को चुनौती



देने वाली राज्य सरकार की विशेष अपील की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ कर रही थी।राज्य सरकार व पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से एकल पीठ के आदेश पर आपत्ति उठाते हुए कहा गया था कि याची इमरान खान ने दस्तावेजों के परीक्षण के समय विज्ञापन में निर्धारित तिथि का निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया था। इसलिए इमरान खान को ओबीसी नहीं माना गया और उसे प्राप्तांक सामान्य श्रेणी की कट ऑफ से कम होने के कारण असफल घोषित किया गया था।जबकि अभ्यर्थी इमरान खान का कहना था कि विज्ञापन में निवास प्रमाण पत्र के लिए कोई भी तिथि और प्रारूप निर्धारित नहीं किया गया था। अभ्यर्थी ने दस्तावेजों की संवीक्षा के समय निर्धारित तिथि के जाति प्रमाण पत्र के साथ वर्ष 2013 और 2016 के दो निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए थे। कोर्ट ने एकल पीठ द्वारा अभ्यर्थी की नियुक्ति पर विचार करने के आदेश को सही व विधि सम्मत मानते हुए राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी।

# बलिया मे सहेलियों संग टहल रही शिक्षक की पत्नी को बदमाशों ने मारी गोली,हालत नाजुक

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया।** जिले के नवादा निवासी सहायक अध्यापक हरिश्चंद्र की पतने सविता देवी 35 वर्षीय बीती उपचार के दौरान अभी भी युवती की हालत गंभीर बनी हुई है।पुलिस ने इस मामले की खुलासे के लिए कई लोगो को अपने गिरफ्त मे लेकर पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी इसी दौरान अंधेरे में पीछे से किसी ने गोली मार दी। पीठ में गोली लगते ही सविता जमीन पर गिर पड़ी। पास में मौजूद महिलाओं की चीख-पुकार पर परिजन और स्थानीय



देर रात पड़ोस की महिलाओं के साथ टहलने के दौरान घात लगाए बदमाशो ने अंधेरे में पीछे से गोली मार दी। जिसके परिणाम स्वरूप युवती घटना स्थल पर गिर पड़ी और तड़पने लगी। शोरगुल की आवाज सुनकर घटना स्थल पर काफी लोग इकठ्ठे हो गए। घायल अवस्था मे लोगो ने उपचार हेतु अस्पताल मे दाखिल कराया जहा नाजुक स्थिति को देखते हुये चिकित्सकों ने उसे बलिया सदर अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। के अनुसार जिले के रसड़ा क्षेत्र में बीती रात सहेलियों संग टहल रही शिक्षक की पतने सविता को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। पीठ में गोली लगने से घायल सविता की हालत गंभीर है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।घटना का कारण साफ नहीं है।बताया जाता है कि रसड़ा थाना क्षेत्र के नवादा निवासी सहायक अध्यापक हरिश्चंद्र की पतने सविता देवी (35) बीती रात पड़ोस की चार महिलाओं के साथ टहलने गई थी। लोग दौड़कर पहुंचे। आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिजनों ने किसी से विवाद से इंकार किया है। सविता के ससुर रिटायर्ड फौजी हैं। देवर मनीष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है।एएसआई चंद्र प्रकाश कश्यप ने बताया कि बहुत जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा

# वाराणसी के राजघाट पुल पर बाइक खड़ी कर की बातचीत

**वाराणसी।** फिर हाथ पकड़ कर कूदे वाराणसी के राजघाट स्थित मालवीय पुल से बुधवार सुबह युवक-युवकी ने उफनाई गंगा में छलांग लगा दी। दोनों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस और एनडीआरएफ तलाश में जुटी है। वाराणसी के राजघाट स्थित मालवीय पुल से बुधवार सुबह युवक-युवती ने एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर उफनाई गंगा में छलांग लगा दी। राहगीरों की सूचना पर रामनगर और की पुलिस जल पुलिस और एनडीआरएफ जवानों की मदद से दोनों की तलाश कर रही है। फिलहाल दोनों के नाम और पते की तस्दीक नहीं हो पाई है। पुल पर खड़ी बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर की मदद से रामनगर पुलिस युवक के परिजनों से संपर्क करने की कोशिश में है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक बाइक से युवक-युवती राजघट की तरफ से पड़ाव की तरफ पुल पर पहुंचे। बाइक किनारे खड़ी कर पहले कुछ देर एक दूसरे से कुछ बातें कीं। इसके बाद दोनों रेलिंग



पर चढ़ गए। जब तक राहगीर कुछ समझते दोनों ने एक दूसरे का हाथ पकड़ा और गंगा में छलांग लगा दी। दोनों को कूदते देख वहां से गुजर रहे वाहन सवार भी रुक गए और शोर मचाया। थोड़ी देर में ही वहां काफी भीड़ जमा हो गई। किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची रामनगर थाने की पुलिस और एनडीआरएफ गंगा में मोटर बोट व गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई। हालांकि तेज बहाव के कारण गोताखोर भी नाकाम रहे। दोपहर 12 बजे तक दोनों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। प्यार में असफल होने पर पुल से कूदने की चर्चा राजघाट पुल से उफनाई गंगा में कूदने वाले युवक और युवती की पहचान नहीं हो पाई है। आशंका है कि दोनों प्रेमी युगल थे। लोगों के बीच चर्चा रहा कि प्यार में असफल होने पर दोनों ने ऐसा खौफनाक कदम उठाया। रामनगर पुलिस का कहना है कि फिलहाल दोनों के संबंध में कोई पुष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। तलाश जारी है।

# गोरखपुर में बैंक में फर्जी खाता खोलकर की थी जालसाजी

**गोरखपुर।** शमीम अहमद ने बैंक खाता खोलने में जो आईडी प्रूफ, डीएल, निवास प्रमाणपत्र, पेन कार्ड का इस्तेमाल किया था, सब फर्जी थे। वसीम व शमीम सगे भाई हैं और आईडी प्रूफ में जन्मतिथि में सिर्फ एक महीने का ही अंतर है। आरोपी वसीम को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। अब शमीम की माह के अंदर शमीम अहमद ने खाते से रुपये निकाल लिया। जबकि, बैंक द्वारा कार खरीदने के लिए लोन दिया गया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि शमीम अहमद ने बैंक खाता खोलने में जो आईडी प्रूफ, डीएल, निवास प्रमाणपत्र, पेन कार्ड का इस्तेमाल किया था, सब फर्जी थे। उन्होंने बताया कि वसीम व शमीम



गिरफ्तारी की गई है बैंक में फर्जी खाता खोलकर कार लोन की रकम हड़पने के आरोपी शमीम को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। इसके सगे भाई वसीम को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। 2019 में मामले में केस दर्ज हुआ था। तीन साल से दोनों फरार चल रहे थे। पकड़े गए आरोपी की पहचान महराजगंज के पुरंदरपुर निवासी शमीम के रूप में हुई है। कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि वसीम अहमद ने इंजीनियरिंग कॉलेज के पास गिट्टी-बालू का दुकान किया था। उसने 2014 में आंध्रा बैंक से कार के लिए 7.53 लाख रुपये लोन लिया। विराज मोट्र्स के नाम से डीडी बनी थी। वसीम व शमीम ने विराज मोट्र्स के नाम से इलाहाबाद बैंक में खाता खोला और फिर वसीम ने अपने खाते में रुपये भुगतान करा लिया। इसके बाद धीरे-धीरे एक सगे भाई हैं और आईडी प्रूफ में जन्मतिथि में सिर्फ एक महीने का ही अंतर है। आरोपी वसीम को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। अब शमीम की गिरफ्तारी की गई है। जालसाजी के आरोपी को जेल भेजा आवास दिलाने के नाम पर महिलाओं से जालसाजी करने वाले को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान बांसगांव निवासी प्रतीक मद्धेशिया के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, हरपुर बुदहट थाने के करनपुरा गांव की महिलाओं से आवास दिलाने के नाम पर तीन-तीन हजार रुपये वसूले गए थे। आवास नहीं मिलने पर महिलाओं ने संपर्क किया तो वह भागने लगा। पीडि.ति महिलाओं की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने जेल भिजवा दिया।

# प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर को विधायक संग्राम सिंह यादव ने लिया गोंद,अभिभावको मे जगी उम्मीदे

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया।** जिले के प्राथमिक विद्यालय की बेहतरी को सोचते हुए फेफना विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी विधायक संग्राम सिंह यादव ने शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर को गोद लिया है।विधायक ने विद्यालय का भ्रमण कर उसकी स्थिति देखा और शिक्षकों के साथ एक बैठक की। कहा इसे माडल स्वरूप देना और यहां बेहतर शिक्षण कार्य कराना मेरा उद्देश्य है। विधायक संग्राम सिंह यादव ने कहा इस विद्यालय को जनपद ही नहीं बल्कि प्रदेश का एक आदर्श विद्यालय बनाने का काम करूंगा। इसको उन्होंने विद्यालय को मुख्य मार्ग से पक्की सड़क से जोड़ने के अलावा चाहरदीवारी, डेस्क बेंच, सोलर सिस्टम, आरओ प्लांट स्मार्ट क्लास की व्यवस्था स्कूल कैम्पस का सुंदरीकरण अतिरिक्त कमरे की व्यवस्था करने की घोषणा भी की। इसके पूर्व विद्यालय के सभी शिक्षकों से परिचय किये और सभी से एक बात का निवेदन भी किये कि मैं इस क्षेत्र का जनप्रतिनिधि होने के नाते स्कूल का सुंदर वातावरण मुहैया करा दूँगा लेकिन आप गुरुजन एक गुणवक्ता परक शिक्षा का वातावरण पैदा कर सकते है जिससे यह विद्यालय मेरी सोच के अनुरूप बन सकता है विद्यालय के सभी शिक्षक संध्या पांडेय और अंजली तोमर, शिक्षामित्र रीना चौहान, कुमकुम सिंह, प्रिया त्रिपाठी और अवधेश कुमार उपस्थितन रहे। प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार यादव ने आभार व्यक्त किया।




# अंतरराज्यीय ठग गिरोह के चार बदमाशों पर लगा गैंगस्टर

रेशम फर्म के मैनेजर से ठगे थे 1.87 करोड़ रेशम फर्म कंपनी के मैनेजर से 1.87 करोड़ की ठगी में गिरफ्तार अंतरराज्यीय ठग गिरोह के चारों आरोपियों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। जिला जेल में बंद चारों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। वाराणसी के मलदहिया स्थित रेशम फर्म कंपनी के मैनेजर से 1.87 करोड़ की ठगी में गिरफ्तार अंतरराज्यीय ठग गिरोह के चारों आरोपियों पर वाराणसी कमिशन्रेट पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। गिरोह के मास्टरमाइंड पंकज भारद्वाज सहित समेत चारों पर चेतगंज थाने पर गैंगस्टर का गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया कि वाराणसी जिला जेल में बंद चारों बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद इनकी संपत्तियों का आकलन किया जाएगा। फिर जब्तीकरण की कार्रवाई भी होगी। अंतरराज्यीय ठग गिरोह ने 20 अप्रैल को चेतगंज थाना के पिशाचमोचन में जीएसटी में छूट दिलाने के नाम पर रेशम कंपनी के प्रबंधक से 1.87 करोड़ रुपये ठग लिए थे।गिरोह का मास्टरमाइंड है अजमेर नगर निगम का निलंबित बाबू कमिशन्रेट पुलिस ने चार आरोपियों को मुंबई और गाजियाबाद से दबोचा था। ठगी की एक करोड़ 87 लाख रुपये भी बरामद किया था। इसमें मास्टरमाइंड अजमेर नगर निगम का निलंबित बाबू सचिन शर्मा, हिसार हरियाणा का पंकज भारद्वाज, नई दिल्ली का तरुण गौतम और रोहन खिंची सभी चौकाघाट जिला जेल में निरुद्ध हैं। पुलिस की तफ्तीश में सामने आया कि इस गिरोह ने वाराणसी समेत अन्य राज्यों में भी कई लोगों से करोड़ों की ठगी की है। पिछले दो-तीन साल से यह गिरोह मुंबई, नई दिल्ली और यूपी के विभिनन्‍ शहरों में लोगों को अपना शिकार बना रहा था। इन शातिरों पर दिल्ली पुलिस के भी कई वारंट लंबित हैं। मुंबई के होटल ट्राइडेंट से दबोचे गए थे तीन बदमाश बीते 20 अप्रैल को वाराणसी के मलदहिया स्थित रेशम फर्म कंपनी के प्रबंधक अंकित शुक्ला ने चेतगंज थाने में ठगी का मुकदमा दर्ज कराया था। ठगों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीम गठित की गई थी। 87 लाख नकद बरामद हुए।



# कारागार में बरामद हुए 12 मोबाइल व 97 पुडिया गांजा

**आजमगढ।** पुलिस अधीक्षक के औचक निरीक्षण से हुआ खुलासा12 मोबाइल व चार्जर के अलावा कई आपत्तिजनक सामग्रियां बरामद हुई है। उत्तरदायित्व का निर्धारण कर संबंधितों के खिलाफ प्रशासनिक व वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इटौरा स्थित जिला कारागार में एक बार फिर 12 मोबाइल व 97 पुडिया गांजा बरामद हुआ है। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के औचक निरीक्षण के दौरान यह बरामदगी हुई है। जिस पर जिलाधिकारी ने जांच करा कर दोष निर्धारण करने और दोषियों पर प्रशासनिक व वैधानिक कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। पुलिस व प्रशासनिक अमले को लगातार यह शिकायत मिल रही थी कि जेल से मोबाइल पर बात हो रही है। जिस पर डीएम व एसपी ने मंगलार की शाम अचानक कारागार पर पहुंच कर औचक निरीक्षण करने लगे। डीएम व एसपी के जेल पर निरीक्षण को पहुंचने की जानकारी होते ही बंदियों के साथ ही बंदी रक्षकों व जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया निरीक्षण के दौरान जेल में एक दो नहीं बल्कि पूरे दर्जन भर संख्या में मोबाइल फोन व चार्जर बरामद हुए। इसके साथ ही जेल की बैरकों से अधिकारियों ने बीड़ी-सिगरेट, लाइटर मोबाइल सिम के अलावा 97 पुडिया गांजा भी बरामद किया। मोबाइल के साथ गांजा जेल से बरामद होते ही डीएम-एसपी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। जेल के अधिकारियों से जब इस बाबत पूछताछ की गई तो कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। अधिकारियों ने तत्काल इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया। दिन में साढ़े बारह बजे से ही डीएम-एसपी एक साथ निकले थे और फिर नेटवर्क से बाहर हो गए।




# मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने वाराणसी मंडल के बनारस-सीवान रेल खण्ड का किया गहन निरीक्षण हुए संतुष्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**वाराणसी।** मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त नई दिल्ली श्री सैलेश कुमार पाठक ने आज सोमवार को अपने निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से वाराणसी मंडल के बनारस-सीवान रेल खण्ड का गहन संरक्षा निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन)श्री राहुल श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय) श्री राकेश रंजन,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम ऋषि श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय श्री अनुज वर्मा,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(कर्षण) श्री पकंज केशरवानी,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रजत प्रिय,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री अजय प्रताप सिंह,वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री आशुतोष शुक्ला एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे। मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त श्री सैलेश कुमार पाठक ने सबसे पहले अपनी निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से बनारस स्टेशन से रवाना होकर वाराणसी-सीवान रेल खण्ड पर विद्युतीकरण एवं दोहरीकरण के मानक के अनुरूप विकास कार्यों यथा-इंटर लॉकिंग,केन्द्रीकृत पैनल, ब्लाक सेक्शन ,स्टेशन लिमिट्स ,पावर सब स्टेशन, पावर सप्लाई सिस्टम,प्लेटफार्म क्लियरेंस, पॉइंट क्रासिंग, मल्टीआस्पेक्ट कलर लाइट सिगनल, सुचना बोर्ड एवं चेतावनी बोर्ड,बर्थिंग ट्रैक,ओवर हेड ट्रैक्शन,सिगनल ओवर लैप,फाउलिंग मार्क, सैंड हम्प, फेसिंग एवं ट्रेलिंग पॉइंट्स, समपार फाटक आदि की संरक्षा परखी। तदुपरांत इस रेल खण्ड की लाइन फिटिंग्स ,संस्थापित नए सिगनलों टर्न आउट्स, बैलास्टिंग एवं पैकिंग, कर्वेचर पर क्लियरेंस तथा मानक के अनुरूप समपार फाटकों के बूम लॉक व हाइट गेजों के संस्थापन की जाँच की। मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त श्री सैलेश कुमार पाठक ने रियर विण्डो ट्रेलिंग के माध्यम से निरीक्षण करते हुये संरक्षा के दृष्टिकोण से इस रेल खण्ड की रेलपथ जड़ाई,बैलास्ट फैलाई, ट्रैक अल्ट्रासाउंड, ओवर हेड ट्रैक्शन, कलर लाइट सिगनल, सूचना/चेतावनी बोर्ड एवं काशन ऑर्डर आदि का निरीक्षण किया और संरक्षा के यथोचित मानदण्डों के अनुपालन पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस रेल रूट में पड़ने वाले विभिन्न सतर्कता आदेशों का संज्ञान लिया तथा परिचालनिक सुगमता एवं ट्रैक की क्षमता बढ़ाने हेतु सम्बंधित को निर्देश दिया।उपरोक्त विज्ञाप्ति की जानकारी अशोक कुमार जन सम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने दी।



# मंदिर के पास कूड़ा फेंके जाने पर लोगों ने किया प्रदर्शन

**निजामाबाद।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में अपना नाम दर्ज कराने के लिए नगर पंचायत निजामाबाद खूब मेंहनत कर रही है लेकिन उसके पीछे वह यह भूल गई कि कूड़ा कहां फेकना है। सावन माह में तमसा नदी के किनारे शिवाला घाट पर सिद्घ पीठ हनुमान व शिवमंदिर के पीछे कूड़ा फेंके जाने से श्रद्घालुओं को सनन व जलाभिषेक करने में काफी परेशानी हो रही है। जिसे लेकर लोगों ने मंगलवार को नपं के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि कस्बा से निकलने वाले सूखे और गीले कचरे को फेंकने की नगर पंचायत अभी तक व्यवस्था नहीं कर पाई है। पिछले कई वर्षों से नपं विभिंन स्थनों पर कूड़ा फेंकते चली आ रही है। अब वह नगर से निकलने वाले कचरे को धार्मिक स्थलों के किनारे फेंकने रही है। तमसा नदी शिवाला घाट पर सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी मंदिर स्थित है। यहां हनुमान जी के साथ-साथ शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर और गुरुद्वारा है। यह स्थान हिंदू आस्था का एक बड़ा केंद्र है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सावन माह में धार्मिक स्थलों की सफाई पर प्रदेश सरकार ने विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है लेकिन नगर पंचायत प्रशासन इसका उल्टा कर सरकार की आदेश की सरेआम धज्जियां उड़ा रहा है।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम के सामने लाठी-डंडे लेकर सामने आईं आदिवासी महिलाएं, 60 गिरफ्तार

**सोनभद्र।** दुद्धी वन क्षेत्र में मंगलवार को वन विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची। फोर्स के साथ गए तहसीलदार और वनाधिकारी से दुम्हान गांव के जंगल में एक संगठन के पहचान पत्र लगाए महिलाएं वन विभाग की जमीन पर झोपड़ी लगाने के साथ ही तीन पहाड.ियों के चारो पहाड.ियों की ओर भाग निकले। जबकि लाठी डंडे लेकर एकत्र हुई आदिवासी महिलाएं डटी रहीं। वनकमिर्यों की टीम जंगल में गाड़े



महिलाएं उलझ गईं। इस दौरान फोर्स ने 59 महिलाओं समेत 60 को गिरफ्तार कर लिया गया दुद्धी वन क्षेत्र के कादल व दुमहान गांव के समीप मझौली बीट के जंगल में मंगलवार को वन विभाग की टीम जंगल से अतिक्रमण हटाने पहुंची। फोर्स के साथ गए तहसीलदार और वनाधिकारी से महिलाएं उलझ गईं। इस दौरान फोर्स ने 59 महिलाओं समेत 60 को गिरफ्तार कर लिया गया। फोर्स का कड़ा रुख देख जमीन कब्जा करने वाले पुरुष फरार हो गए मंगलवार को कादल और ओर लाल झंडा लगाकर कब्जा करने लगे। इसकी जानकारी होने पर एसडीएम शैलेंद्र मिश्रा ने बैठक कर वन भूमि खाली कराने के लिए संयुक्त टीम तैयार की प्रभागीय वनाधिकारी रेणुकूट मनमोहन मिश्र, तहसीलदार बृजेश वर्मा व कोतवाल राघवेंद्र सिंह भारी संख्या में पुलिस, पीएसी एवं महिला कांस्टेबल के साथ जंगल में पहुंचे और जमीन कब्जा करने वालों को खदेड़ना शुरू कर दिया। टीम को पहाड़ी की ओर आते देख अतिक्रमणकारी पुरुष मौके से घने जंगल का सहारा लेते हुए ऊंची लाल झंडे और झोपडि.यां हटाने लगे। दूसरी ओर प्रभागीय वनाधिकारी, तहसीलदार एवं कोतवाल महिलाओं से वार्ता कर उन्हें कानून व्यवस्था का हवाला देकर समझाने लगे। कुछ महिलाओं ने संयुक्त टीम की कार्रवाई को अवैध बताते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाने लगी। प्रशासन ने महिलाओं को घर जाने की नसीहत दी लेकिन वे राजी नहीं ह्हुइं। इसके बाद 59 महिलाओं व एक पुरुष अतिक्रमणकारियों को गिरफ्तार कर फारेस्ट गेस्ट हाउस दुद्धी ले जाया गया।

# पिकअप की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**सोनभद्र।** अनपरा थाना क्षेत्र के रेणुकूट मोड़ के समीप सोमवार की दोपहर बाद पिकअप की चपेट में आने से एक बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। मंगलवार को जिला अस्पताल लोढ़ी में पुलिस नेपोस्टमार्टम कराकर परिवार के लोगों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि सोमवार की दोपहर करीब दो बजे अनपरा थाना क्षेत्र के रेणुकूट मोड़ के पास पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार सिंगरौली के कनुहार गांव निवासी मोतीलाल शाह (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से पुलिस घायल को नजदीकी अस्पताल ले गई। डॉक्टर ने घायल की हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी पाकर अस्पताल पहुंचे घायल के परिवार के लोग उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# चार माह पहले खत्म हो गया फिटनेस, फिर भी बच्चों को लेकर चल रहे थे स्कूली वाहन

**सोनभद्र।** आए दिन हो रहे हादसों के बाद नौनिहालों के जीवन से खिलवाड़ बंद नहीं हो रहा। फिटनेस की वैधता खत्म होने पर नोटिस देने के बाद भी स्कूल वाहन महीनों तक सड़कों पर दौड़ता रहा। इन्हीं वाहनों से बच्चे स्कूल से आते-जाते भी रहे। मंगलवार को मामला सामने आने के बाद एआरटीओ प्रवर्तन ने फिटनेस में फेल दो स्कूल वाहनों को सीज कर दिया। स्कूल प्रबंधन को भी नोटिस जारी किया गया है। गाजियाबाद के एक स्कूल बस में हादसे के बाद शासन के निर्देश पर प्रदेश भर में संचालित स्कूल वाहनों की जांच कराई गई थी। इसमें बड़ी संख्या में स्कूल वाहन मानकों पर खरे नहीं पाए गए थे। संबंधित स्कूल संचालक को नोटिस देकर वाहनों का फिटनेस और मेंटनेंस दुरुस्त कराने को कहा गया था। इसके बावजूद कई स्कूलों ने इसके प्रति उदासीनता बरती। अनफिट वाहनों से ही बच्चों को ढोया जा रहा है। मंगलवार को एआरटीओ प्रवर्तन धनवीर यादव पिपरी पहुंचे तो वहां एक स्कूल के वाहन को रोककर जांच की। अप्रैल में ही उसका फिटनेस प्रमाण पत्र खत्म हो चुका था। नोटिस के बाद भी उसका नवीनीकरण नहीं कराया गया। इस स्कूल के दो वाहनों में यह गड़बड़ी मिली। दोनों स्कूल वाहन को सीज करते हुए बच्चों को दूसरे वाहन में बैठाकर घर भेजवाया गया। एआरटीओ ने बताया कि स्कूल प्रबंधकों को पहले ही नोटिस दिया जा चुका है। इसके बावजूद उन्होंने लापरवाही बरती। प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनकी मान्यता खत्म करने के बाबत उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जाएगा।

# शूरवीरों के सम्मान में ३२ ने किया रक्तदान

**सोनभद्र।** सरहद पर डटे सैनिकों के सम्मान में रक्तदान करने के लिए मंगलवार को लोगों में खूब उत्साह दिखा। युवाओं और महिलाओं ने तो बढ़चढ़कर भागीदारी निभाई ही, पचास की उम्र पार कर चुके लोग भी रक्तदान में नहीं हिचके। अमर उजाला फाउंडेशन के आह्वान पर स्वेच्छा से चलकर ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान कर महादानी बने। कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में कुल



32 यूनिट रक्तदान हुआ।मुख्य अतिथि डीएम चंद्र विजय सिंह ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कहा कि कारगिल विजय दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन वंदनीय है। शिविर में एकत्रित एक-एक यूनिट रक्त उन शूरवीरों को नमन है, जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर भारत के मान की रक्षा की। डीएम ने कहा कि रक्तदान महादान है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने आगे भी वृहद शिविर का आयोजन कर रक्त एकत्रित करने पर जोर दिया विशिष्ट अतिथि सीएमओ डॉ. आरएस ठाकुर ने कहा कि आपात स्थिति में कई बार लोगों को रक्त की जरूरत पड़ती है। उनके पास रक्तदाता भी नहीं होते। ऐसे वक्त में यह रक्त ही उनके उपयोग में आता है। सीएमएस डॉ. क्रांति कुमार ने कहा कि ब्लड बैंक में रक्त की कमी नहीं होने दें, जिससे किसी भी व्यक्ति की रक्त के अभाव में जान जाने की नौबत आए। आयोजन में ओमप्रकाश पांडेय पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रमुख भागीदारी निभाई। इस मौके पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. बीके श्रीवास्तव, बीएसए हरिवंश कुमार, पैरामेडिकल कॉलेज के निदेशक ओमप्रकाश पांडेय, संत कीनाराम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गोपाल सिंह, अश्वनी पांडेय, आरके द्विवेदी, सिद्धार्थ, नेहा, पंकज दुबे, पुष्पा देवी, अजीत जायसवाल, पैथोलॉजिस्ट डॉ. केआरआर सिंह, डॉ. रवींद्र प्रसाद, नियाज अहमद सिद्दीकी, एलटी शैलेंद्र कुमार पांडेय, संतोष सिंह, सुरजीत, सुजीत, दिनेश केशरी, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन विशाल पांडेय ने किया शिविर में इन्होंने किया रक्तदान मोहम्मद सलीम, सुनील कुमार सिंह, पुष्पा देवी, नेहा पांडेय, अनन्नू मौर्य, आदर्श दुबे, पूजा जायसवाल, राजकुमार सिंह, कृष्ण दयाल पांडेय, जया दुबे, तरुण प्रताप शर्मा, रंजीत कुमार, सिद्धार्थ पांडेय, निखिल, रामजी कुमार वर्मा, अंकुर पाठक, रंजना पाल, अंजली, ऋषि सिंह, विजय कुमार वर्मा, भीम सिंह, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. रवि प्रकाश त्रिपाठी, विकास द्विवेदी, मोनू कुमार, नितिश कुमार चतुर्वेदी, साधना सारंग, अश्वनी पांडेय, विशाल पांडेय, अंजू गुप्ता, संदीप जायसवाल, जयनाथ मौर्य, रवींद्र कुमार ने रक्तदान किया। बोले रक्तदाता रक्त के अभाव में किसी की जान जाना मानवता के लिए शर्मनाक है। हमने इसी सोच के साथ रक्तदान किया है कि हमारा रक्त किसी की जान बचाने में काम आएगा। यह अवसर पाकर मन को सुकून मिला है। - ऋषि सिंह।पहले से भी समय-समय पर रक्तदान करता आया हूं। कारगिल विजय दिवस पर रक्तदान करना अलग अनुभव है। देश की सरहद पर डटे सैनिकों के सम्मान में अपना रक्त देकर खुद को गौरवान्वित मान रहा हूं। - संदीप जायसवाल।हम अभी सरहद पर नहीं जा सकते, लेकिन उन सैनिकों के सम्मान में रक्तदान तो कर ही सकते हैं। शिविर के बारे में जानकारी मिलने के बाद से ही मन में रक्तदान के लिए उत्साह था। रक्तदन कर काफी अच्छा लग रहा है। - तरुण शाक्य। रक्तदान के प्रति लोगों को अपनी सोच बदलने की जरूरत है। बहुत से लोग होते हैं, जिनके पास रक्तदाता नहीं होते। ऐसे मरीजों को हमारा दान किया हुआ रक्त उपयोग में आता है। हमारे लिए इससे अच्छा मौका क्या होगा। - कृष्णदयाल पांडेय। रक्तदान के बारे में अब तक सुनते रहे हैं, लेकिन पहली बार रक्तदान का अनुभव कर रहा हूं। काफी अच्छा लग रहा है। मन में इसे लेकर जो भी भ्रांतियां थी, वह दूर हो गईं। हर व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए। - रवींद्र कुमार।महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। उन्हें कमजोर न समझा जाय। रक्तदान से किसी तरह की कमजोरी आने की बात निर्मूल है। अलबत्ता इसे नई ऊर्जा महसूस होती है। कई बार रक्तदान किया है। इस बार भी रक्तदान कर ऐसा ही अनुभव कर रही हूं।

# सांकेतिक प्रदर्शन के बाद संविदा कर्मियों ने मांगपत्र सौंपा

**सोनभद्र।** प्रोत्साहन राशि न मिलने से नाराज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने मंगलवार को सीएमओ कार्यालय का घेराव किया। छह सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलित कर्मचारियों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। शीघ्र प्रोत्साहन राशि के भुगतान की मांग की। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे एनएचएम कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. अरुण चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रहे कर्मचारियों को मिलने वाले विभिन्न लाभ से वंचित किया जा रहा है। सीएचओ और एएनएम के लंबित भुगतान समेत छह मांगों को लेकर



पूर्व में भी कई बार अधिकारियों के माध्यम से उच्चाधिकारियों को मांगपत्र सौंपा जा चुका है लेकिन अभी तक समस्याएं जस की तस हैं। कहा कि कर्मियों की जायज मांगों को पूर्ण करने में की जा रही हीलाहवाली को संगठन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला महामंत्री अंजनी दुबे और जिला उपाध्यक्ष युगवीर सिंह, जिला महिला उपाध्यक्ष कंचन देवी, कोषाअध्यक्ष अवनीश सिंह ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार संविदा कर्मी काम कर रहे हैं। इसके बावजूद उनकी मांगों को पूर्ण नहीं किया जा रहा है। विनोद कुमार, अमित सिंघल, अतुल कुमार, रवि रतन, अनुराधा यादव, नेहा पटेल, वंदना कौशल और आरुषि सिंह आदि मौजूद रहे।

# ननिहाल आई किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष की कैद

**सोनभद्र।** साढ़े तीन वर्ष पहले किशोरी (14) से दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने दोषी को दस साल की कैद की सजा सुनाई है। उस पर 50 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीडिता को मिलेगी अभियोजन पक्ष के मुताबिक छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला अंतर्गत थाना रघुनाथपुर नगर के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तीन नवंबर 2018 को बभनी थाने में तहरीर दी थी। अवगत कराया था कि बभनी थाना क्षेत्र के एक गांव में उसकी ससुराल है। वहां एक नवंबर को एक मांगलिक कार्यक्रम में वह अपनी पतनी व 14 वर्षीय बेटी के साथ गया था। रात में बेटी को घर के बाहर अकेला पाकर बभनी थाना क्षेत्र के छिपिया गांव निवासी बच्चा लाल ने दुष्कर्म किया। जब वह बेटी को ढूंढने लगे तो वह सन के खेत में रोती हुई मिली। इस तहरीर पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषी बच्चालाल को 10 साल की कैद और 50 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीडि.ता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह एडवोकेट ने बहस की।

# युवक की मौत के मामले में हत्या का केस दर्ज

**सोनभद्र।** बिल्ली गांव मोड़ के समीप सोमवार की सुबह धीरज का शव मिलने के मामले में पुलिस ने देर शाम मुकदमा पंजीकृत कर लिया। यह कार्रवाई मृतक के पिता की तहरीर पर हुई है। मुकदमा उसके दोस्त पर दर्ज किया गया है पुलिस को दी गई तहरीर में मृतक धीरज के पिता कैलाश ने बताया है कि बिल्ली गांव निवासी अविनाश पुत्र राजेंद्र के साथ उनका बेटा धीरज (20) रविवार रात कहीं गया था। आरोप लगाया है कि अविनाश की प्रेमिका धीरज से भी बातचीत करती थी। ये बात अविनाश को ठीक नहीं लग रही थी। आरोप लगाया कि इसी के चलते अविनाश ने उनके बेटे की हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर ओबरा पुलिस ने आरोपी अविनाश पुत्र राजेंद्र निवासी बिल्ली के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि सोमवार की सुबह




मृतक धीरज का शव इलायची भवन के सामने जमीन पर पड़ा मिला था। पुलिस गांव के ही कुछ लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही थी। मामले में प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि जल्द ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सिंक्योरिटि सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः 31 जुलाई 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्रः– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# टीम इंडिया की नजर क्लीन स्वीप पर, अर्शदीप को मिल सकता है मौका, जानें संभावित प्लेइंग-11

**नई दिल्ली ।** भारत ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे प्रारूप में लगातार 12वीं सीरीज जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था। यह किसी एक टीम का किसी एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।पहले दो मैचों में रोमांचक जीत के साथ सीरीज पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार कोहोने वाले तीसरे और अंतिम वनडे मैच में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत कर क्लीन स्वीप करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। वेस्टइंडीज का लक्ष्य वनडे में अपनी हार का क्रम तोड़ना होगा क्योंकि इससे पहले उसे बांग्लादेश से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे प्रारूप में लगातार 12वीं सीरीज जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था। यह किसी एक टीम का किसी एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ इस मैच में कुछ नए खिलाडि़यों को आजमा सकते हैं लेकिन वह जीत की लय बरकरार रखने के लिए टीम संतुलन बनाए रखने पर जोर देंगे। शुभमन गिल की जगह खेल सकते हैं गायकवाबल्लेबाजी विभाग में शुभमन गिल पर ऋतुराज गायकवाड़ को प्राथमिकता मिलने की संभावना नहीं है। गिल ने पिछले दो मैचों में 64 और 43 रन की दो उपयोगी पारियां खेली थी। गायकवाड़ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पूरी सीरीज में खेलने का मौका मिला था जहां वह तेज गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए थे।सूर्यकुमार को फिर मिल सकता है मौका श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन ने भी पिछले मैच में अर्धशतक जमाए थे जबकि सूर्यकुमार यादव को पहले दो मैचों में नाकामी के बावजूद एक और मौका दिया जा सकता है। ऐसे में इशान किशन को बाहर ही बैठना पड़ेगा। रविंद्र जडेजा को इस श्रृंखला के लिए शिखर धवन के साथ उप कप्तान बनाया गया था और ऑलराउंडर के रूप में वह पहली पसंद थे लेकिन घुटने की चोट के कारण व पहले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे। यह भी सुनिश्चित नहीं है कि जडेजा तीसरे मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं क्योंकि उनकी अनुपस्थिति में अक्षर पटेल ने दूसरे मैच में 64 रन की नाबाद पारी खेलकर भारत को जीत दिलाई थी। पटेल के इस प्रदर्शन को टीम प्रबंधन नजरअंदाज नहीं कर सकता है। अर्शदीप भी दावेदारी में धवन यदि बाएं हाथ के दो स्पिनरों को उतारने की योजना बनाते हैं तो फिर युजवेंद्र चहल को बाहर बैठना पड़ सकता है। लेकिन इससे भारतीय गेंदबाजी में विविधता का अभाव देखने को मिल सकता है। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को इंग्लैंड में वनडे के दौरान जांघ की मांसपेशियों में परेशानी हुई थी लेकिन अब वह फिट हैं और बाएं हाथ का तेज गेंदबाज होने के कारण उन्हें आवेश खान की जगह टीम में लिया जा सकता है। आवेश ने दूसरे वनडे में छह ओवर में 54 रन लुटाए थे और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था। आवेश और प्रसिद्ध कृष्णा की गेंदबाजी शैली एक तरह की है और ऐसे में इनमें से किसी एक को ही अंतिम एकादश में रखा जा सकता है। जीत से ही बचेगी विंडीज की साख जहां तक वेस्टइंडीज का सवाल है तो उनके पास क्षमतावान खिलाड़ी हैं लेकिन वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। वह अभी तक शाई होप, निकोलस पूरण, रोवमैन पावेल या रोमारियो शेफर्ड पर निर्भर रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम ने अभी तक अहम मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। सीरीज के आखिरी मैच में वेस्टइंडीज जेसन होल्डर को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 भारतः शिखर धवन (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, आवेश खान। वेस्टइंडीजः शाई होप (विकेटकीपर), ब्रैंडन किंग, शामराह ब्रूक्स, कायेल मेयर्स, निकोलस पूरन (कप्तान), रोवमन पॉवेल, अकील हुसैन, रोमारियो शेफर्ड, अल्जारी जोसेफ, हेडेन वॉल्श जूनियर, जेडेन सील्स।



# मुरली विजय के सामने फैन्स चिल्लाने लगे दिनेश कार्तिक का नाम वीडियो में देखें उनका रिएक्शन

**नई दिल्ली ।** तमिलनाडु प्रीमियर लीग के एक मैच के दौरान विजय बाउंड्री लाइन पर खड़े थे। तभी दर्शक दीर्घा से डीके-डीके की आवाज आने लगी। हालांकि, विजय ने इस पर गुस्सा नहीं किया बल्कि आराम से मामले को सुलझाया। तमिलनाडु प्रीमियर लीग के 2022 संस्करण में मुरली विजय को उस समय मुश्किलों का सामना करना पड़ा, जब मैदान में लाइव मैच के दौरान दर्शक दिनेश कार्तिक का नाम चिल्लाने लगे। विजय की पतनी विजय बाउंड्री लाइन पर खड़े थे। तभी दर्शक दीर्घा से डीके-डीके की आवाज आने लगी। हालांकि, विजय ने इस पर गुस्सा नहीं किया बल्कि आराम से मामले को सुलझाया। कार्तिक का नाम सुनते ही विजय भीड़ की ओर मुड़े और हाथ जोड़कर उनसे ऐसा नहीं करने और इसको रोकने की अपील की। वह अपने हाव-भाव में कोमल और शांत थे और यह दिल को छू लेने वाला था।विजय ने टीएनपीएल में इस सीजन शानदार प्रदर्शन किया है। के कनेक्शन की तो कार्तिक ने 2007 में अपनी बचपन की दोस्त निकिता से शादी कर ली थी। हालांकि, कुछ समय बाद ही कार्तिक की पतनी का अफेयर मुरली विजय के साथ चलने लगा। जब निकिता ने इसकी जानकारी कार्तिक को दी तो दोनों ने अलग होने का फैसला लिया था। कार्तिक के फॉर्म पर भी इसका असर पड़ा था। हालांकि, बाद में कार्तिक ने स्क्वॉश प्लेयर दीपिका पल्लीकल



निकिता वंजारा दिनेश कार्तिक की पहली पतनी रह चुकी हैं। विजय से अफेयर के बाद कार्तिक और निकिता ने तलाक ले लिया था। बाद में निकिता ने विजय से शादी भी कर ली थी। दर्शक इसी घटना की वजह से मैच के दौरान विजय को ट्रोल करने लगे। हालांकि, विजय के कूल रिएक्शन ने फैन्स का दिल जीत लिया। कार्तिक और निकिता दरअसल तमिलनाडु प्रीमियर लीग के एक मैच के दौरान उन्होंने रूबी त्रिची वॉरियर्स के लिए खेलते हुए नेल्लई रोयल किंग्स के खिलाफ 66 बॉल पर 121 रन की पारी खेली थी। इसमें उन्होंने 12 छक्के जड़ दिए थे। हालांकि, विजय की टीम लीग में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। सात मैचों के बाद रूबी वॉरियर्स के सिर्फ चार अंक रहे और टीम अंतिम चार में जगह बनाने में नाकाम रही। बात करें विजय, निकिता और कार्तिक से शादी की थी। वहीं, विजय और निकिता भी शादी के बंधन में बंध गए थे। कार्तिक फिलहाल वेस्टइंडीज दौरे पर हैं। वहां वह भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज में हिस्सा लेंगे। कार्तिक ने इस साल आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए फिनिशर के तौर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है।

# 2011 वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका निभाने वाला सदस्य टीम से जुड़ा, द्रविड़ के साथ कर चुके हैं काम

**नई दिल्ली ।** अपटन को मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की सिफारिश पर टीम के साथ जोड़ा गया है। इस जोड़ी ने आईपीएल में साथ काम किया है। जब राहुल द्रविड़ राजस्थान रॉयल्स के कप्तान थे तब अपटन फ्रेंचाइजी के साथ थे। भारतीय टीम को 2011 में वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूनिका निभाने वाले दक्षिण अफ्रीका पैडी अपटन एक बार फिर से टीम डेयरडेविल्स में बतौर मेंटर और कोच दोनों साथ काम कर चुके हैं। द्रविड़ 2016 में दिल्ली डेयरडेविल्स के मेंटर बने थे।अपटन ने दक्षिण अफ्रीका की टीम के प्रदर्शन निदेशक के रूप में भी काम किया है। बाद में आईपीएल में अपनी भूमिका के अलावा सिडनी थंडर (बीबीएल) और लाहौर कलंदर्स (पीएसएल) के साथ टी20 सर्किट पर मुख्य



इंडिया के साथ जुड़ गए हैं। अपटन इस साल के अंत में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज में मानसिक कंडीशनिंग कोच के रूप में भारत के सहयोगी स्टाफ में शामिल हो गए हैं। 53 वर्षीय अपडट 2011 में तत्कालीन कोच गैरी कर्स्टन के साथ थे। वह पांच मैचों की टी20 सीरीज से अपनी सेवाएं देंगे। बीसीसीआई ने ट्वीट कर इसकी पुष्टि की। अपटन को मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की सिफारिश पर टीम के साथ जोड़ा गया है। इस जोड़ी ने आईपीएल में साथ काम किया है। जब राहुल द्रविड़ राजस्थान रॉयल्स के कप्तान थे तब अपटन फ्रेंचाइजी के साथ थे। इसके बाद दिल्ली कोच के रूप में भी काम किया है। हाल ही में वह राजस्थान रॉयल्स की टीम के साथ थे। फ्रेंचाइजी 2008 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंची थी। हालांकि, उसे खिताबी मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार मिली थी। ऑस्ट्रेलिया में टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया को कई सीरीज में हिस्सा लेना है। उसे वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज के बाद जिम्बाब्वे में वनडे, अगस्त में एशिया कप, घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से टी20 सीरीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे-टी20 सीरीज खेलनी है।

# पेरिस के बाद लंदन पहुंचे विराट, अनुष्का शर्मा संग भारतीय रेस्त्रां में खाया खाना

**नई दिल्ली ।** लंदन में कोहली और अनुष्का के घूमने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हाल ही में इस जोड़े ने शहर के एक भारतीय रेस्त्रां में खाना गया। उसके बाद दोनों को शेफ के साथ पोज देते देखा गया। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज खत्म होने के बाद भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली इन दिनों छुट्टी पर हैं। खराब फॉर्म से गुजर कोहली दुनिया के अलग-अलग शहरों में घूम रहे हैं। इंग्लैंड से वह छूट्टी मनाने के लिए पतनी अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका के साथ फ्रांस की राजधानी पेरिस गए थे। अब विराट और अनुष्का पेरिस गौरवान्वित और सम्मानित महसूस कर रहे हैं।इससे पहले अनुष्का शर्मा ने पेरिस में होटल की खिड़की पर खड़े होकर एक तस्वीर खिंचवाई थी और उसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था, ''मेरे सामने वाली खिड़की में...।'' भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इन दिनों आलोचकों के निशाने पर चल रहे हैं। रन बनाने के लिए जूझ रहे विराट को टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम से निकालने की मांग की जा रही है। तीन साल पहले तक विराट कोहली को पूरी दुनिया में रन मशीन बोला जाता था, लेकिन अब स्थितियां यह बन



से वापस लंदन लौट आए हैं। लंदन में दोनों के घूमने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हाल ही में इस जोड़े ने शहर के एक भारतीय रेस्त्रां में खाना गया। उसके बाद दोनों को शेफ के साथ पोज देते देखा गया। शेफ सुरेंद्र मोहन ने ट्विटर पर बॉम्बे बस्टल रेस्त्रां के बाहर विराट और अनुष्का के साथ तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा- भारत की शान विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने हमारे यहां खाना खाया। इससे हम पड़ी हैं कि उन्हें इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप से बाहर करने की चौतरफा आवाज बुलंद होने लग पड़ी है कप्तान रोहित शर्मा अपने साथी विराट की खराब फॉर्म का बचाव करने में लगे हैं, लेकिन दिग्गज कपिल देव, सुनील गावस्कर और वीरेंद्र सहवाग की ओर से उठाए गए सवालों को नजरअंदाज करना बीसीसीआई और चयनकर्ताओं के लिए मुश्किल बनता जा रहा है।

# रिकी पोंटिंग की भविष्यवाणी, भारत और ऑस्ट्रेलिया में होगा फाइनल, जानें किसे बताया विजेता

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया था। भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से 23 अक्टूबर (रविवार) को मेलबर्न में होगा। ऑस्ट्रेलिया के दो बार वर्ल्ड कप दिलाने वाले कप्तान रिकी पोंटिंग हराकर फिर से चैंपियन बनेगी। मौजूदा चैंपियन के पास घरेलू परिस्थितियां हैं। यह एक ऐसी चीज है, जो पिछले विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की टीम के पास नहीं थी। इस बार उसके लिए थोड़ा अच्छा है।'' इंग्लैंड देगा टक्करः पोंटिंग 2003 और 2007 में वनडे वर्ल्ड कप



ने मंगलवार (26 जुलाई) को आगामी टी20 वर्ल्ड कप को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की। उन्होंने उन दो टीमों के बारे में बताया जो इस बार फाइनल में अपना स्थान पक्का कर सकती है। इतना ही नहीं, पोंटिंग ने यह भी बताया कि कौन-सी टीम टी20 वर्ल्ड कप में चैंपियन बनेगी। पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू में संजना गणेशन को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें इस बार आपस में फाइनल खेलेंगी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया था। पोंटिंग का मानना है कि कंगारू टीम इस बार खिताब बचाने में कामयाब होगी। उसे घरेलू मैदान और समर्थकों का लाभ मिलेगा। पोंटिंग ने कहा, ''मुझे लगता है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें फाइनल में खेलेंगी। वहां ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को जीतने वाले पोंटिंग से जब पूछा गया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया को किससे खतरा होगा तो उन्होंने इंग्लैंड का नाम लिया। पोंटिंग ने कहा, ''इंग्लैंड के पास अभी भी कई मैच विजेता हैं। मुझे लगता है कि इंग्लैंड सीमित ओवरों में एक मजबूत टीम है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं।'' भारत का शेड्यूल भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से 23 अक्टूबर (रविवार) को मेलबर्न में होगा। उसके बाद टीम इंडिया 27 अक्टूबर (गुरुवार) को क्वालीफायर में ग्रुप-ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा। 30 अक्टूबर (रविवार) को भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। दो नवंबर (बुधवार) को बांग्लादेश और छह नवंबर (रविवार) को क्वालीफायर में ग्रुप-बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से मुकाबला होगा।

# टी20 सीरीज के लिए त्रिनिदाद पहुंची भारतीय टीम रोहित-पंत आए नजर, राहुल पर संशय बरकरार

**नई दिल्ली ।** जो वीडियो बीसीसीआई ने शेयर किया है, उसमें केएल राहुल नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में राहुल के टी-20 सीरीज में खेलने पर सस्पेंस बरकरार है। राहुल हाल ही में ग्रोइन इंजरी की सर्जरी के लिए जर्मनी गए थे। इंजरी से रिकवर करने के बाद वह कोरोना संक्रमित हो गए। कप्तान रोहित शर्मा समेत कई खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए त्रिनिदाद पहुंच चुके हैं। भारत और विंडीज के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज की शुरुआत 29 जुलाई से होगी। इस सीरीज के जरिये टीम इंडिया आगामी टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुट जाएगी। इस साल अक्तूबर-नवंबर में टी-20 वर्ल्ड की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया करेगा। बीसीसीआई ने खिलाडियों के त्रिनिदाद पहुंचने का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में कप्तान रोहित, दिनेश कार्तिक, रविचंद्रन अश्विन, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव और भुवनेश्वर कुमार बस से टीम होटल पर उतरते देखे जा सकते हैं। सपोर्ट स्टाफ इनका स्वागत भी करते हैं। हालांकि, टी-20 सीरीज से पहले भारतीय टीम को तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मैच 27 जुलाई को खेलना है।जो वीडियो बीसीसीआई ने शेयर किया है, उसमें केएल राहुल नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में राहुल के टी-20 सीरीज में खेलने पर सस्पेंस बरकरार है। राहुल हाल ही में ग्रोइन इंजरी की सर्जरी के लिए जर्मनी गए थे। इसके बाद से वह बेंगलूरु के नेशनल क्रिकेट एकेडमी में प्रैक्टिस कर रहे थे। हालांकि, पिछले हफ्ते (21 जुलाई) राहुल कोरोना संक्रमित हो गए। ऐसे में अब तक यह पुष्टि नहीं हो



पाई है कि वह दौरे पर टीम इंडिया के साथ रहेंगे या नहीं। ऐसे में राहुल की वापसी की उम्मीदों को एकबार फिर झटका लगा है। इससे पहले वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज में भारत के कप्तान बनाए गए थे, लेकिन चोट की वजह से नहीं खेल सके थे। राहुल पिछले कुछ सालों में फिटनेस की समस्या से जूझते रहे हैं। इनमें कमर में खिंचाव और हैमस्ट्रिंग की चोट शामिल हैं। इसके अलावा सीरीज में चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव भी खेलते हुए नजर आ सकते हैं। विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह को इस सीरीज में आराम दिया गया है। पांच टी-20 मैचों के लिए भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, केएल राहुलङ, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, दिनेश कार्तिक, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, आर अश्विन, रवि बिशनेई, कुलदीप यादवङ, भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।

# राशीफल

**मेष-:**आप ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे लेकिन काम का बोझ आपको परेशान करेगा। वित्तीय कल्याण आपके लिए अपनी ज़रूरत की चीज़ें खरीदना आसान बना देगा।

**वृष-:**आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका मन चाह सकता है कि आप कोई नया काम शुरू करें। जिसमें आपको सफलता भी मिलेगी।

**मिथुन-:**कोई शुभ समाचार मिल सकता है। सहभागी व्यवसायों और वित्तीय योजनाओं में हेराफेरी करने में निवेश न करें। आपका ऊर्जावान, जीवंत और गर्मजोशी भरा व्यवहार आज आपके आस-पास के लोगों को खुश कर देगा।

**कर्क-:**आज का दिन अच्छा रहने वाला है. आज अचानक आपका आपा खो सकता है और जीवनसाथी से विवाद हो सकता है। करियर के मामले में आप पर जितनी जिम्मेदारियां आप संभाल सकते हैं

**सिंह-:**बेचैनी की फुसफुसाहट आपको परेशान कर सकती है. इससे बचने के लिए टहलने जाएं और ताजी हवा में गहरी सांस लें। साथ ही सकारात्मक सोच भी बहुत मददगार होगी।

**कन्या-:**आज आप भाग्यशाली रहेंगे। मेडिकल छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। आपको किसी अच्छे डॉक्टर के साथ काम करने का मौका मिल सकता है। पारिवारिक किसी महत्वपूर्ण कार्य के कारण आपको स्टेशन से बाहर।

**तुला-:**तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. घर में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपकी उपलब्धि परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी सफलताओं की सूची।

**वृश्चिक-:**आज के दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी. आज आप सकारात्मक तरंगों से भरे हुए हैं। अपनी योजनाओं को दूसरों के साथ साझा न करें, अन्यथा दूसरे लोग इसका फायदा उठा सकते हैं।

**धनु-:**अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है. मन जीवन का द्वार है, क्योंकि इससे अच्छा और बुरा सब कुछ आता है। यह जीवन की समस्याओं पर काबू पाने में मददगार साबित है।

**मकर-:**आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. व्यापार से जुड़ा कोई जरूरी काम आज पूरा हो सकता है। कोई नया काम शुरू करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज आप हर उस व्यक्ति के साथ प्यार से पेश आएंगें।

**कुंभ-:**अपने शरीर से थकान को दूर करने और अपनी ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने के लिए आपको पूर्ण आराम की आवश्यकता है, अन्यथा शरीर की थकान आपके मन में निराशा को जन्म दे सकती है।

**मीन-:**तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. घर में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपकी उपलब्धि परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी सफलताओं की सूची।

## सम्पादकीय

# ऋषि सुनक के ब्रिटेन के पीएम बन जाने की संभावना और भारत के इतिहास की एक करवट

भारतीय मूल के 42 वर्षीय ब्रिटिश राजनेता ऋषि सुनक ब्रिटेन में प्रधानमंत्री की रेस में बने हुए हैं। ब्रिटेन की सत्ता के सबसे ताकतवर शख्स की रेस में किसी मूल रूप से भारतीय का होना पूरी दुनिया में सबसे बड़ी खबर है जबकि भारत के लिए इतिहास के एक नए सिरे के खुलने की तरह है- भारत अंग्रेजों की 200 सालों की गुलामी के बाद जब 15 अगस्त 1947 में आजाद हुआ तो उस उपमहाद्वीपीय देश की स्वतंत्रता कई मायनों में संदेह के घेरे में थी। दुनिया देख रही थी कि आजाद हो रहा हिंदुस्तान आखिर किन लोगों के हाथों, किस दिशा में आगे बढ़ेगा। भरोसा मजबूत नहीं था और पूरा भारत एक तरह से अंधकार में दिखाई पड़ता था। एक दौर ऐसा भी था जब दुनियाभर के अखबार और मीडिया भारत की आजादी और आजादी के बाद के भारत को लेकर नक्शा खींच रहे थे। कहा जाए तो नुक्ताचीनी कर रहे थे ऐसे में तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने कहा था- सत्ता धूर्तों, दुष्टों और बदमाशों के हाथों में जाएगी। भारत के सभी नेता कम क्षमता वाले और कमजोर लोग हैं। इनके पास इनकी मीठी जुबान है लेकिन ये दिल से मूर्ख हैं। ये सत्ता के लिए आपस में लड़ेंगे और भारत राजनैतिक झगड़ों में फंस जाएगा। एक दिन ऐसा भी आ सकता है जब भारत में हवा और पानी पर भी टैक्स लगाया जाएगा।बाहरहाल, ये अतीत की वे बातें हैं जिन्हें 21वी सदी के भारत में सालों पहले भुलाकार उननति की राह पर आगे बढ़ गया है। और इतना आगे बढ़ गया है कि आज जबकि देश आजादी के 75 साल बाद, अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, उसी समय भारतीय मूल के 42 वर्षीय ब्रिटिश राजनेता ऋषि सुनक ब्रिटेन में प्रधानमंत्री की रेस में बने हुए हैं। ब्रिटेन की सत्ता के सबसे ताकतवर शख्स की रेस में किसी मूल रूप से भारतीय का होना पूरी दुनिया में सबसे बड़ी खबर है। नागों, सांपों, सपेरों के देश की उपमाओं से नवाजे जाने वाले एक राष्ट्र का कोई ऋषि नाम की शख्सियत का केवल ब्रिटेन की पीएम की रेस में शामिल होने की आहट इतना व्यापक है तो जरा सोचिए जिस दिन ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए उस दिन इतिहास का एक सिरा पलट जाएगा और वह अपने नये अध्यायों की ओर बढ़ जाएगा।ये और बात है कि ऋषि सुनक का पीएम बनकर भारत के प्रति अपनी नीतियों, योजनाओं और हितों को लेकर रुख अलहदा हो जाए लेकिन उनका पीएम बन जाना एक बड़ी खबर होगी जिसके दो ओर इतिहास अपनी करवट लिए बैठेगा। ऋषि सुनक की दुनिया और ब्रिटेन ऋषि सुनक कंजरवेटिव पार्टी के सदस्य हैं और 2020 में बोरिस जॉनशन की सरकार में वित्त मंत्री बने थे। जॉनसन के खिलाफ पार्टी में असंतोष बढ़ने के बाद उन्होंने इस्तीफ़ा दे दिया था। इस्तीफ़ा देते हुए उन्होंने कहा था कि लोग सरकार से उम्मीद करते हैं कि वह गंभीरता और ठीक से काम करे।2015 से यॉर्कशर के रिचमंड से कंज़र्वेटिव सांसद चुने जा रहे सुनक का जन्म हैंपशर के साउथहैम्टन में हुआ था। विंचेस्टर कॉलेज में पढ़ाई के बाद उन्होंने ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय से दर्शन, राजनीति और अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। उन्हें स्टैंडफ़ोर्ड विश्वविद्यालय से भी डिग्री हासिल है। राजनीति में आने से पहले उन्होंने इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स में काम किया और एक निवेश फर्म को भी स्थापित किया। वित्त मंत्रालय का प्रभार मिलने से पहले वे आवास, समुदाय और स्थानीय सरकार मंत्रालय में संसदीय अवर सचिव थे। भारत में जड़ें और भारतीयता ऋषि सुनक के दादा दादी का जन्म भारत में हुआ था और बाद में वे लोग पूर्वी अफ्रीका चले गए थे। सुनक के पिता का जन्म केन्या में हुआ था जबकि माता उषा सुनक का जन्म तनजानिया में हुआ था। 1960 के दशक में सुनक के दादा-दादी ब्रिटेन आ गए। ऋषि सुनक 12 मई 1980 को साउथेम्प्टन में पैदा हुए थे। सुनक ने 2015 में यॉर्कशायर में रिचमंड की एक सुरक्षित टोरी सीट जीतकर राजनीतिक पारी शुरू की थी। इसके अलावा, सुनक, इन्फोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति के दामाद हैं। उन्होंने अक्षता मूर्त से साल 2009 में शादी की थी. बेंगलुरु में दोनों की शादी हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। अक्षता मूर्ति के पास इंफोसिस के शेयर हैं और उनकी निजी संपत्ति का मूल्य ब्रिटेन की महारानी की संपत्ति से भी अधिक है. ऋषि सुनक ब्रिटेन में हाउस ऑफ कॉमन्स (लोकसभा) में सबसे अमीर लोगों में से हैं यह उनके लिए मुसीबत भी बन सकती है।

# पुलिस से भिड़े कांग्रेसी, राहुल समेत 57 सांसद हिरासत में लिए

सोनिया से आज भी होंगे सवालनई दिल्ली जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय के पास क्लेरिज गोलचक्कर पर कांग्रेसी प्रदर्शनकारी दोपहर बाद एकत्रित हो गए। प्रदर्शनकारियों ने एक मोटरसाइकिल में आग लगा दी। पुलिस ने विजय चौक पर प्रदर्शन कर रहे राहुल गांधी समेत 57 सांसदों को मिलकर कुल 259 लोगों को को हिरासत में ले लिया था। सभी को देर शाम छोड़ दिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बुधवार को भी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ करेगी। इसे देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को कई मार्गों से बचने की सलाह दी है। वहीं बीते रोज मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में कांग्रेसी प्रदर्शनकारियों ने काफी उत्पात मचाया। कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों ने ईडी दफ्तर के नजदीक क्लेरिज होटल पर एक मोटरसाइकिल में आग लगा दी। मोटरसाइकिल पूरी तरह जल गई। वहीं, कांग्रेसी प्रदर्शनकारियों ने 24 अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय के सामने मारपीट की। इसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। तुगलक रोड थाना पुलिस ने दोनों ही मामलों में अलग-अलग एफआईआर दर्जकर जांच शुरू कर दी है। दूसरी तरफ पुलिस ने विजय चौक पर प्रदर्शन कर रहे राहुल गांधी समेत 57 सांसदों को मिलकर कुल 259 लोगों को को हिरासत में ले लिया था। सभी को देर शाम छोड़ दिया गया था। नई दिल्ली जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय के पास क्लेरिज गोलचक्कर पर कांग्रेसी प्रदर्शनकारी दोपहर बाद एकत्रित हो गए। प्रदर्शनकारियों ने एक मोटरसाइकिल में आग लगा दी। पुलिस को शुरुआती जांच में ये पता लगा कि कांग्रेसी मोटरसाइकिल खुद लेकर आए थे। आग से पूरी मोटरसाइकिल जल गई। तुगलक रोड थाना पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस



सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि प्रदर्शनकारी मोटरसाइकिल खुद लेकर आए थे या फिर किसी राहगीर की मोटरसाइकिल में आग लगाई गई है। दमकल विभाग की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। दूसरा मामला 24 अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय का है। आरोप है कि यहां कांग्रेसी प्रदर्शनकारियों द्वारा धक्कामुक्की व मारपीट की। ये धक्कामुक्की काफी देर तक चलती रही। इस धक्कामुक्की में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। तीनों पुलिसमियों की राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिसकर्मियों की शिकायत पर कांग्रेसी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ तुगलक रोड थाने में मारपीट व अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। हालांकि इस मामले में मंगलवार शाम तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया था। मामले की जांच की जा रही है-डीसीपी कुछ कांग्रेसी नेताओं ने आरोप लगाया है कि उनके साथ पुलिसकर्मियों ने बदसलूकी की। नई दिल्ली जिला डीसीपी अमरूथा गुगुलोथ ने बताया कि इस मामले में जांच की जा रही हैं। अगर पुलिसकर्मी दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन पुलिसकर्मियों की पहचान की जा रही है। राहुल गांधी समेत 57 से अधिक कांग्रेस सांसदों को हिरासत में लिया गया कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी की मौजूदगी में संसद भवन में गांधी प्रतिमा से लेकर विजय चौक तक मार्च निकाला। राहुल गांधी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए और धरना-प्रदर्शन करने लगे। कांग्रेसियों ने अकब रोड, मानसिंह रोड, विजय चौक व जनपथ पर प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (लॉ एंड ऑर्डर, जोन-दो) डॉ. सागरप्रीत हुड्डा ने बताया कि राहुल गांधी समेत करीब 57 सांसदों को मिलकर कुल 259 कांग्रेसी नेताओं व प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया था। राहुल गांधी के साथ कांग्रेसी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, शक्ति सिंह गोहिल समेत कई सांसदों को हिरासत में लिया गया था। सभी को बस में बैठाकर किंग्जवे कैंप ले जाया गया। सभी को मंगलवार शाम को ही छोड़ दिया गया। कई मार्गों के बंद होने से ट्रैफिक प्रभावित रहा दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कांग्रेसियों के प्रदर्शन को देखते हुए अकबर रोड व मोती लाल नेहरू मार्ग को बंद रखा था। अकबर रोड मोतीलाल नेहरू मार्ग गोलचक्कर से मोतीलाल नेहरू प्लेस तक बंद रहा। इसके अलावा मोतीलाल नेहरू मार्ग क्यू पाइंट से मोतीलाल नेहरू प्लेस तक बंद रहा। दोनों मार्ग सुबह नौ बजे से देर शाम तक बंद रहे। इससे कई मार्गों पर ट्रैफिक का दवाब बढ़ गया था। ट्रैफिक बढ़ने से इंडिया गेट, अशोक रोड, शाहजहां रोड, मंडी हाउस से लेकर मथुरा रोड, सरदार पटेल मार्ग व कनॉट प्लेस में जाम हो गया था। हालांकि बीच-बीच में ट्रैफिक हल्का हो जाता था। इसके अलावा राजघाट पर प्रदर्शनकारियों के पहुंचने के कारण रिंड रोड समेत कई मार्गों पर ट्रैफिक प्रभावित रहा। कल भी कई मार्गों से बचने की सलाह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बुधवार को भी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ करेगी। इसे देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को कई मार्गों से बचने की सलाह दी है। दिल्ली पुलिस के नई दिल्ली जिला डीसीपी आलाप पटेल ने बताया कि लोग मोतीलाल नेहरू मार्ग, अकबर रोड, जनपथ, मानसिंह रोड, गोल मेठी गोलचक्कर, तुगलक रोड गोलचक्कर, क्लेरिज गोलचक्कर, क्यू पाइंट गोलचक्कर, सुनहरी मस्जिद गोलचक्कर, मौलाना आजाद रोड गोलचक्कर और मानसिंह रोड गोलचक्कर पर सुबह नौ बजे से दो बजे तक आने से बचें।

## भूकंप के तेज झटकों से कांपा फिलीपींस

रिक्टर स्केल पर 7.0 रही तीव्रताइप्पत्ज्ज्र्हों्र्लिः फिलीपींस में भूकंप के तेज झटकों के बाद लोग दहशत में आ गए। हालांकि, इस दौरान किसी तरह की हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। फिलीपींस में बुधवार सुबह 6.13 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.0 रही। हालांकि, इस दौरान किसी तरह के हताहत होने की खबर नहीं मिली है और ना ही सुनामी की कोई चेतावनी दी गई है। फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान ने बताया कि भूकंप का केंद्र अब्रा प्रांत में किसी पर्वतीय इलाके में जमीन से 25 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।भूकंप के बाद भी कई




झटके महसूस किए गए भूकंप आने के बाद कई झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के तीव्र झटकों के कारण इमारतों और मकानों की दीवारों में दरारें आ गयीं। गौरतलब है कि फिलीपीन भूकंप के लिहाज से संवदेनशील क्षेत्र है। देश में 1990 में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप में करीब 2,000 लोग मोर गए थे।धरती मुख्य तौर पर चार परतों से बनी होती हैं। इनर कोर, आउटर कोर, मैनटल और क्रस्ट। क्रस्ट और ऊपरी मैन्टल कोर को लिथोस्फेयर कहते हैं। ये 50 किलोमीटर की मोटी परत कई वर्गों में बंटी हुई है जिसे टैकटोनिक प्लेट्स कहते हैं। ये टैकटोनिक प्लेट्स अपनी जगह पर कंपन करती रहती हैं और जब इस प्लेट में बहुत ज्यादा कंपन हो जाती हैं, तो भूकंप महसूस होता है जानिए भूकंप के केंद्र और तीव्रता का क्या मतलब है भूकंप का केंद्र वह स्थान होता है जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से धरती हिलने लगती है। इस स्थान पर या इसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप का असर ज्यादा होता है। अगर रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है।

## जम्मू कश्मीर राजस्थान और यूपी बिहार में होगी बारिश

जानें मौसम का हालराजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां मौसम मिलाजुला रह सकता है। कुछ इलाकों में हल्की वर्षा होगी तो कहीं मध्यम। बाकी इलाकों में बादल नया पश्चिमी विक्षोभ भी बना है। वहीं, पूर्वी राजस्थान और आसपास के इलाकों में चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। इन मौसम सिस्टम के चलते उत्तर भारत में



छाए रहेंगे। मौसम विभाग जम्मू कश्मीर, राजस्थान और यूपी-बिहार में भारी बारिश का अनुमान जताया है। अगले दो-तीन दिनों में यहां मानसून मेहरबान होगा, कहीं कहीं भारी बारिश कहर भी ढा सकती है। इधर, मध्य, पश्चिमी और दक्षिण भारत में भी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां मौसम मिलाजुला रह सकता है। कुछ इलाकों में हल्की वर्षा होगी तो कहीं मध्यम। बाकी इलाकों में बादल छाए रहेंगे। जम्मू कश्मीर, राजस्थान, यूपी और बिहार के कुछ इलाकों तथा पंजाब और हरियाणा-चंडीगढ़ में भारी वर्षा का अनुमान है।उत्तर भारत में सक्रिय होगा मानसून मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून अब उत्तर भारत में सक्रिय होगा। यह इलाका तेज बारिश के लिए तरस रहा है। आईएमडी का अनुमान है कि अब मानसून यहां मेहरबान होगा और अगले एक सप्ताह में यूपी, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल को तरबतर कर सकता है। पश्चिम विक्षोभ समेत मौसम के ये सिस्टम सक्रिय अरब सागर में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके असर से उत्तर भारत में झमाझम बारिश की संभावना है। उधर, हिमालय के इलाके में अच्छी वर्षा के आसार हैं। उत्तर भारत में एक सप्ताह में सुधरेंगे हालात : मोहपात्रा भारतीय मौसम विभाग के निदेशक डॉ. एम मोहापात्रा के अनुसार उत्तर भारत में वर्षा का दौर तेज होगा। अगले एक सप्ताह में इन राज्यों में बारिश की कमी दूर हो सकती है। देश के बाकी हिस्सों में वर्षा का दौर थम सकता है। इससे लगातार वर्षा से बाढ़ व जलभराव से जूझ रहे राज्यों को राहत मिलेगी। यहां हो सकती है झमाझम बारिश 27 से 30 जुलाई तक जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है। आज से 30 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी बारिश हो सकती है।राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार में भी मध्यम से तेज वर्षा के आसार हैं। गुरुवार को दिल्ली में भी तेज बारिश की संभावना है। यूपी, बिहार व झारखंड में कम हुई वर्षा देश में मानसून की अब तक की प्रगति की बात करें तो सामान्य से करीब 11 फीसदी ज्यादा औसत वर्षा दर्ज हुई है। देश के अधिकांश हिस्से तरबतर हो चुके हैं, लेकिन यूपी, बिहार व झारखंड में सामान्य से आधी बारिश भी नहीं हुई है। इन राज्यों में करीब 45 फीसदी कम वर्षा हुई, लेकिन अगले कुछ दिनों में झमाझम बारिश से हालत सुधर सकती है।

# सोनिया गांधी से ईडी ने छह घंटे तक पूछे सवाल, फिर से होगी पूछताछ

नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से आज एक बार फिर से ईडी ने पूछताछ की। एजेंसी ने सोनिया से करीब छह घंटे तक सवाल किए। सोनिया गांधी की पूछताछ से जुड़े पल-पल के अपडेट के लिए बने रहें अमर उजाला के साथ...कई विपक्षी दलों ने महंगाई और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लेकर संसद में चल रहे गतिरोध व जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आग्रह किया कि वे इन मामलों में हस्तक्षेप करें। विपक्षी दलों के नेताओं ने राष्ट्रपति को इस संबंध में पत्र लिखा है। यह पत्र ऐसे समय लिखा गया है, जब ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से दूसरी बार पूछताछ की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी किंग्सवे पुलिस कैंप से बाहर निकले। राहुल गांधी और कांग्रेस के अन्य नेताओं को हिरासत में लेकर किंग्सवे पुलिस कैंप में रखा गया। दिल्ली पुलिस के जवान भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के बाल खींचते और पार्टी के विरोध के दौरान उनके साथ मारपीट करते दिखे। दिल्ली पुलिस ने मामले में बयान जारी करते हुए कहा कि हम कर्मचारियों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। पहचान के बाद कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से दो दिनों में अब तक करीब 55 सवाल पूछे गए। उनसे ऐसे ही सवाल पूछे गए जो राहुल गांधी से पूछे गए थे। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वो यह सब हतोत्साहित करने के लिए कर रहे हैं। वो कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं और ण्ँघ् और ऊं का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। हम लोग जनता की समस्याओं के खिलाफ लड़ रहे हैं और वे हमें झुकाना चाहते हैं लेकिन हम झुकने वाले नहीं हैं। सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ आज खत्म हो गई है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष पूछताछ के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ऊं) के कार्यालय से बाहर निकलीं। आज ईडी ने सोनिया से करीब छह घंटे पूछताछ की। एजेंसी ने सोनिया गांधी को कल फिर से बुलाया गया है। महाराष्ट्रः प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ के विरोध में नागपुर में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। लंच ब्रेक के बाद कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी दोबारा ईडी कार्यालय पहुंचीं। नेशनल हेराल्ड मामले के सिलसिले में उनसे आज पूछताछ का दूसरा दौर शुरू हुआ है। सुबह एक दौर की पूछताछ हो चुकी है। करीब तीन घंटे की पूछताछ के बाद सोनिया गांधी लंच के लिए ईडी दफ्तर के बाहर निकल गई हैं। इसके बाद दोपहर 3.30 बजे उनसे दोबारा पूछताछ होगी। सोनिया गांधी से ईडी के पूछताछ का विरोध कर रहे कई



कांग्रेस नेताओं को हिरासत में ले लिया गया लेकिन राहुल गांधी अकेले विजय चौक पर मोर्चा संभाले हुए थे। लेकिन पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद हिरासत में ले लिया। वहीं राहुल को हिरासत में लेने के बाद कांग्रेस ने ट्वीट भी किया साथ में इंदिरा गांधी की तस्वीर भी डाली है। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि ये मोदी जी और अमित शाह जी की साजिश है कि विपक्ष को खत्म करना और हमारी आवाज बंद करना है। हम इससे डरने वाले नहीं है..हम लड़ते रहेंगे। दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हिरासत में ले लिया है। वे विजय चौक पर प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान राहुल ने कहा कि सभी सांसद यहां पर महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर बात की लेकिन ये (पुलिस) लोग हमें बैठने नहीं दे रहे हैं और हमें हिरासत में ले रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी राजा की तरह व्यवहार कर रहे हैं। सोनिया गांधी से ईडी के पूछताछ का विरोध कर रहे कई कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लिया गया है हालांकि राहुल गांधी अकेले विजय चौक पर मोर्चा संभाले हुए हैं। पुलिस उन्हें भी हिरासत में लेने की कोशिश कर रही है लेकिन वे वहां से हट नहीं रहे हैं। ईडी द्वारा पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एआईसीसी मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। नेशनल हेराल्ड मामले में पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में विजय चौक तक मार्च कर रहे कांग्रेस नेताओं और सांसदों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। रंजीत रंजन, केसी वेणुगोपाल, मनिकम टैगोर, इमरान प्रतापगढ़ी, के सुरेश और अन्य को हिरासत में लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### तालिबान ने हिंदुओं-सिखों से की लौटने की अपील

**नई दिल्ली ।** गृह मंत्रालय ने कहा- देश में बहाल हुई सुरक्षाअफगानिस्तान में तालिबान शासन के दौरान हिंदू और सिख समुदाय के लोग कट्टरपंथियों के हमलों का निशाना बनते रहे हैं। हिंदू और सिख परिषद के सदस्यों से 24 जुलाई को मुलाकात के बाद तालिबान के चीफ ऑफ स्टाफ डॉ. मुल्ला वसी के कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा कि यहां सुरक्षा की स्थिति अब काफी बेहतर है। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जा जमाने के बाद से वहां सुरक्षा के हालात बेहद खराब हो गए हैं।



अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर हमले आम बात हैं। इसी कारण देश से खासकर हिंदुओं और सिखों ने पलायन शुरू कर दिया है। अब तालिबान के गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने इस समुदाय के नेताओं से मिलकर दावा किया कि देश में सुरक्षा की समस्या को हल कर लिया गया है। इसलिए हिंदुओं और सिख समुदाय के लोगों को वापस लौट आना चाहिए। अफगानिस्तान के हिंदू और सिख परिषद के सदस्यों से 24 जुलाई को मुलाकात के बाद तालिबान के चीफ ऑफ स्टाफ डॉ. मुल्ला वसी के कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा, अफगानिस्तान में सुरक्षा की स्थिति अब काफी बेहतर है। ट्वीट के मुताबिक, बैठक के दौरान परिषद के सदस्यों ने इस्लामिक स्टेट के खुरासान गुट की ओर से काबुल के कर्ता-ए-परवान गुरुद्वारे पर किए गए हमले के दौरान प्रभावी कार्रवाई करने के लिए तालिबान को धन्यवाद भी दिया।

# मैहर पुलिस को मिली बड़ी सफलता चार पुस्तो से खिला रहा जुआ 80 साल का बुजुर्ग मौके पर पकड़ा गया ,साथ में 5 जुवाड़ी भी

(आधुनिक समाचार सेवा)
दिनेश यादव

**मैहर।** आपको बता दे की 15 ताश की गड्डी और 4 मोबाइल 5 आरोपियों के सहीत 4 मोटरसाइकिल एवं 6500 नगद पकड़ा गया, पुरानी बस्ती में चल रहा जुआ पकड़ा गया मैहर के पुरानी बस्ती में चल रहा था जुआ पुलिस ने दबिश दी और आरोपियों को धर दबोचा आपको बता दें कि इस समय मैहर थाना प्रभारी संतोष तिवारी एक्शन मोड में है, और उनके साथ एसआई हेमंत शर्मा, अजय अहिरवार , गोविंद तिवारी,प्रधान आरक्षक रवि शंकर दुबे, जितेंद्र द्विवेदी, संजय तिवारी, पंकज मिश्रा, जय बागारी, रावेंद्र मिश्रा, महिला आरक्षक मोनिका शुक्ला, हर्षिता तिवारी मैहर थाने का सारा स्टाफ मौजूद रहा , पुरानी बस्ती में धावा बोलते हुए सब जुआरियों को पकड़ा ,इस बीच कुछ लोगों ने विरोध किया जिसका मेहर पुलिस ने पूरा सामना किया और अपराधियों को थाने लेकर पहुंची और उन पर मुकदमा कायम किया

# जेल अदालत में 108 पत्राविलयों का किया गया निस्तारण

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ला

**नोएडा ।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशो के अनुपालन में एवं अवनीश सक्सेना, जनपद न्यायाधीश के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार में प्रदीप कुमार कुशवाहा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय की अध्यक्षता में जेल अदालत का आयोजन किया गया। जेल अदालत में प्रदीप कुमार कुशवाहा द्वारा 108 पत्राविलयों का निस्तारण किया गया। जिला कारागार में निरुद्ध गरीब व असहाय ऐसे बंदीगण जिनके मुकदमों में पैरवी करने वाला कोई नहीं है तथा वह बंदी छोटे - छोटे अपराधिक मामलों में काफी लंबे समय से निरुद्ध है ,ऐसे बंदियों को चिन्हित करते हुए तथा न्यायालय द्वारा चिन्हित प्रार्थना पत्रों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए जिला कारागार गौतम बुध नगर में आयोजित जेल अदालत मे 108 पत्रावलिओं का निस्तारण किया जिसमें 108 निरुद्ध बंदीगण को रिहा किया गया। जेल अदालत के अन्तर्गत एक दिन मे यह अब तक का अधिकतम निस्तारण है , जो प्रदीप कुमार कुशवाह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय द्वारा किया गया है जेल अदालत में प्रदीप कुमार कुशवाहा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय, अरुण प्रताप सिंह, अधीक्षक, जिला कारागार एवं बंदीगण उपस्थित रहे।



### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जेवर में सत्र 22-23 के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ला

**नोएडा ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जेवर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जेवर में माह अगस्त 22 से प्रारंभ हो रहे प्रशिक्षण सत्र 22-23 के लिए अभ्यार्थी 31 जुलाई तक वेबसाइट के माध्यम से अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटियों के संशोधन के लिए 48 घंटे का आवेदन में सहायता विवरण ई-फार्म में उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऑनलाइन विवरण का कोई भाग पूर्ण रूप से या आवश्यकता अनुसार प्रिंट या डाउनलोड भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश पंजीकरण शुल्क के रूप में सामान्य /पिछड़ा वर्ग के लिए 250 रुपये तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए पंजीकरण शुल्क के रूप में 150 रूपये देना होगा।

# गुना में आदिवासी महिला प्रकरण के महाआंदोलन में उतरी संघर्ष सेवा समिति

(आधुनिक समाचार सेवा)
अतुल वर्मा

**झाँसी।** मध्य प्रदेश में गुना जिले के धनोतिया गांव में कुछ दिनों पूर्व दबंगों द्वारा आदिवासी महिला को जलाए जाने का मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। आदिवासी समाज के साथ देश की पूरी जनता में रोष व्याप्त है देश में कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन लगातार जारी हैं, दिनांक 24 जुलाई को सर्व समाज द्वारा गुना में एक महा आंदोलन का आयोजन किया गया जिसमें मध्य प्रदेश के साथ कई प्रदेशों के आदिवासी समाज एवं अन्य समाजों के प्रदर्शनकारी सम्मिलित हुए सभी की यही मांग की कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए एवं आदिवासी समाज को प्रताड़ना से बचाया जाए झांसी से संघर्ष सेवा समिति एवं मां शबरी सहारिया आदिवासी कल्याण समिति के प्रतिनिधि गुना पहुंचे जहां उन्होंने महा आंदोलन का समर्थन करते हुए सरकार के समक्ष अपनी मांगे रखी। इस दौरान संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक व सहरिया आदिवासी कल्याण समिति के प्रबंधक संदीप सरावगी ने कहा यह बहुत ही निंदनीय कृत्य है दबंगों द्वारा महिला को जलाकर हत्या की गई है साथ ही न्यायालय के आदेशों का भी उल्लंघन किया गया है जघन्य अपराध में सम्मिलित आरोपियों को फांसी की सजा होना चाहिए मृतक के परिजनों को कम से कम 25 लाख रुपए और एक सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए शोक संतृप्त परिवार के लिए संघर्ष सेवा समिति की तरफ से जो भी मदद बन पड़ेगी अवश्य की जाएगी हम लगातार पीडिता परिवार के सम्पर्क में हैं।



इस दौरान संघर्ष सेवा समिति से साकेत गुप्ता, राजू सेन, महेंद्र रायकवार, सुशांत गुप्ता, बसंत गुप्ता, राकेश अहिरवार, ऐश्वर्य सरावगी, विशाल पिपरिया, विकास पिपरिया, धर्मेंद्र खटीक, शशांक श्रीवास्तव, लखन अहिरवार, संदीप नामदेव एवं मां शबरी सहरिया आदिवासी कल्याण समिति से गोपाल सहरिया, दिनेश सहरिया, रानी सहरिया, रामकुमार सहरिया, मोहन सिंह सहरिया, सिरनाम सहरिया, भैयालाल सहरिया, राकेश कुमार सहरिया आदि दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ब्रम्हचारी कुटी मे दुग्धधारा से हुआ शिव अभिषेक

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ला

**नोएडा ।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को सेक्टर 82 स्थित प्राचीन तपोभूमि ब्रम्हचारी कुटी में भूतभावन भगवान भोलेनाथ का दुग्धधारा से अभिषेक किया गया। कुटी परिसर में स्थित शिव मंदिर में पंडित मनोहर शास्त्री एवं पंडित सुमित दीक्षित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव जी का रुद्राभिषेक कराया गया। प्रातः 4 बजे से भगवान शिव एवं परिवार का पूजन प्रारंभ हुआ तत्पश्चात विधि विधान से अभिषेक हुआ। । रुद्राभिषेक के बाद आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में शिव अर्चना और जल चढ़ाने के लिए दिनभर भक्त आते रहे। इस दौरान बोल बम बोल बम के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया। इस अवसर पर राघवेंद्र दुबे ने कहा कि शिव ,भक्त की निश्छल आराधना से शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं इसलिये उनको आशुतोष कहा जाता है । सावन माह में भगवान शिव की आराधना प्राणियों को आने वाले संकटों से बचाती है साथ ही उनकी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली है। इस अवसर पर कुटी व्यवस्थापक पिंटू बाबा, पुजारी मनोहर शास्त्री, अशोक कुमार, अनमोल झा,पंडित अनिल मिश्रा ,नेपाल चौहान,पंडित महिपाल शर्मा ,ओम कुशवाहा, बाबा हलवाई, विपिन कुमार, ,सुरेंद्र , पुष्पेंद्र बंसल सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।



# प्रज्ञा पाठक शर्मा को दिव्य सेवा मिशन का प्रमुख संयोजक बनाया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ला

**नोएडा ।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन परिवार और हमारे संरक्षक आशीष भैया के आशीर्वाद से मुझे मिशन की मातृशक्ति की पाँच इकाइयों नोएडा , ग्रेटरनोएडा, एक्सटेंनशन , ग़ाज़ियाबाद,और वैशाली के प्रमुख संयोजक का कार्यभार सौंपा ।जो मेरे जीवन के लिए अत्यंत अनमोल और मूल्यवान है ।मैं आशीष भैया को प्रेरणा मानकर इस परिवार के इस भरोसे को पूरी ईमानदारी से निभाते हुए मिशन की समर्पण भाव से सेवा का कार्य करती रहूँगी। इस अवसर पर सेवा मिशन के अध्यक्ष आशीष भैया, एक्सपो मार्ट के चेयरमैन राकेश शर्मा , जीएनआईओटी के चेयरमैन राजेश गुप्ता, सेवा मिशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, महामंत्री डॉ नितिन अग्रवाल, दिल्ली एनसीआर अंचल प्रभारी राघवेंद्र सिंह, दिल्ली एनसीआर अंचल संयोजक चंद्र प्रकाश चौहान, राजेश सिंह, संदीप भाटी, विकास पुण्डीर, रवि कसाना, विनय चौधरी, मातृशक्ति इकाई की अंजलि पुंडीर, अंकित गिरि ,सभी जिला संयोजकों अनेक शुभचिंतक एवं बरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# दसवीं मे 93प्रतिशत लाने पर अनिकेत दीक्षित ने कहा साफ्टवेयर इंजीनियर बनूगा

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ला

**नोएडा ।** आज सीबीएसई दसवीं का परीक्षा परिणाम आया जिसमें नोएडा के सेक्टर 82 पाकेट 12 के अनिकेत दीक्षित जो गौतम बुद्ध बना हुआ है। हमारे ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ला ने जब बच्चे से बातचीत किया तो बच्चा बहुत खुश था और इसका श्रेय अपने पिता प्रमोद दीक्षित को दिया जो एक चैनल मे पत्रकार है। बच्चे ने कहा कि



बालक इन्टर कालेज मे पढते थे जिसका दसवीं मे 93 प्रतिशत परिणाम आया परिवार वाले भी बहुत खुश है। आज सोसायटी मे सभी लोग उनके घर पहुंच कर बधाइयाँ दी और मिठाई खिलाई। अनिकेत दीक्षित के परिणाम को लेकर सोसायटी मे काफी खुशनुमा माहौल हम कोटा मे कोचिंग करके आई आई टी पास करेंगे और मै एक इन्जीनियर बनना चाहता हू। सभी लोगों ने इस बच्चे को मिठाईयाँ खिलाई एवं शुभ कामनाएं भी दी ।वहीं विद्यालय के समस्त स्टाफ भी इनकी सफलता पर बहुत खुश है।सभी ने अनिकेत दीक्षित को शुभ कामनाएं भी दी।

# कोरोना के बाद अब पैर पसार रहा मंकीपॉक्स, मेक्सिको में 60 मामलों की पुष्टि

**मेक्सिको ।** के रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन अवर सचिव ह्यूगो लोपेज-गैटेल ने कहा कि मंकीपॉक्स से पीडित केवल पांच या छह लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है क्योंकि उनमें गंभीर प्रतिरक्षा दमन पाया गया है, लेकिन सामान्य तौर पर सभी लगभग 21 दिनों में ठीक हो गए। कोरोना के कहर से दुनिया अभी ठीक से संभली भी नहीं है इसी बीच एक और वायरस डराने लगा है। इस नए वायरस का नाम मंकीपॉक्स (श्दहवब्र्ज्दे) है। मेक्सिको ने मंकीपॉक्स के 60 मामलों की पुष्टि की है। मेक्सिको के रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन अवर सचिव ह्यूगो लोपेज-गैटेल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लोपेज-गैटेल ने कहा कि अब तक मेक्सिको में मंकीपॉक्स से कोई मौत नहीं हुई है। लोपेज ने आगे कहा कि ठकेवल पांच या छह लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है क्योंकि उनमें गंभीर प्रतिरक्षा दमन पाया गया है, लेकिन सामान्य तौर पर सभी लगभग 21 दिनों में ठीक हो गए।11 मैक्सिकन शहरों में मंकीपॉक्स के मामलों का पता चला है, जो वायरस से संबंधित है जो चेचक का कारण बनता है, लेकिन इसके मरीजों में हल्के लक्षण पाए जाते हैं और शायद ही कभी घातक हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 75 देशों और क्षेत्रों में 16,000 से अधिक मंकीपॉक्स के मामले सामने आए हैं और पांच संबंधित मौतें दर्ज की गई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शनिवार को मंकीपॉक्स के प्रकोप को ठअंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालठ घोषित किया था। क्या है मंकीपॉक्स वायरस, कैसे फैलता है मंकीपॉक्स, स्मॉलपॉक्स (चेचक) की तरह ही एक वायरल इन्फेक्शन है जो चूहों और खासकर बंदरों से इंसानों में फैल सकता है। अगर कोई जानवर इस वायरस से संक्रमित है और इंसान उसके संपर्क में आता है तो संभावना है कि उसे भी मंकीपॉक्स हो जाए। यह देखने में चेचक का बड़ा रूप लगता है, इसमें लगभग लक्षण भी वहीं हैं। जिन लोगों में ज्यादा संक्रमण होता है उन्हें निमोनिया के लक्षण भी दिख सकते हैं। यह बीमारी एक इंसान से दूसरे में फैल सकती है। संक्रमित व्यक्ति को छूने से उसकी छींक या खांसी के संपर्क में आने से, संक्रमित व्यक्ति के मल के संपर्क में आने से या फिर संक्रमित व्यक्ति की वस्तुओं को इस्तेमाल करने से ये बीमारी दूसरे व्यक्ति में फैल सकती है। मंकीपॉक्स को लेकर डब्लूयूएचओ के निर्देश मंकीपॉक्स के विषय में डब्लूएचओ के क्षेत्रीय निदेशक, साउथ-ईस्ट एशिया रीजन, पूनम खेत्रपाल सिंह का कहना है कि मंकीपॉक्स उन देशों में भी फैलता हुआ देखा जा रहा है जहां पहले कभी नहीं देखा गया। वहीं, भारत में भी इसके बढ़ते मामले सामने आ रहे हैं। डब्लूएचओ के अनुसार मंकीपॉक्स उन लोगों से फैलता है जो पहले से मंकीपॉक्स से पीड़ित हों। जो व्यक्ति मंकीपॉक्स के मरीज के बेहद करीब रहता हो उसके लिए इस वायरस की चपेट में आने का खतरा बढ़ जाता है। डब्लूएचओ का कहना है कि जो पुरुष आपस में सेक्स करते हैं यानी समलैंगिक पुरुष, उनमें मंकीपॉक्स फैलने का खतरा ज्यादा है।मंकीपॉक्स बॉडी फ्लूइड्स और पीड़ित व्यक्ति के साथ सोने पर फैल सकता है।मंकीपॉक्स होने पर व्यक्ति को बुखार, रैशेज, सूजन और अन्य चिकित्सा समस्याएं हो सकती हैं।




# मैहर में बड़ रहा चोरों का आतंक दिनदहाड़े काट रहे जेब मैहर में ट्रैफिक व्यवस्था ना होने के कारण हो रहे कांड

(आधुनिक समाचार सेवा)
दिनेश यादव

**मैहर।** मामला उचेहरा से मैहर के बीच का है एक गरीब किसान उचेहरा से व्यापारी के यहां से खेती करने के लिए कर्ज लेकर मैहर की ओर चलता है। अपनी बातों में बहला-फुसलाकर सबसे पहले गाड़ी में बैठ आते हैं। किसान को उचेहरा से मैहर तक ले जाने के लिए सफेद कलर की बोलोरो गाड़ी में बैठा कर पूर्व दरवाजा से स्टेट बैंक चौराहा के बीच में किसान के जेब काट कर पार कर दिए रुपए किसान का कहना है जैसे ही गाड़ी सिविल हॉस्पिटल के सामने पहुंची इतने में चोरों ने गाड़ी का गेट खुला और किसान से कहा गेट खुल गया गेट को बंद करो बंद करते करते किसान के जेब से ?10000 पार कर दिए किसान सुरेश मशीन स्टोर के सामने गाड़ी से नीचे उतरा जेब में हाथ लगाया तो पैसे गोल फिर गाड़ी के पीछे चिल्लाया और कुछ दूर दौड़ा तो गाड़ी स्टेट बैंक चौराहा से कटनी मोर चौराहे की तरफ भाग खड़ी हुई समय 2:00 से 3:00 के बीच का है। मिली जानकारी के अनुसार यह कोई पहला कांड नहीं है ऐसे कांड अक्सर किसानों के साथ होते रहते हैं। जिसमें प्रशासन ध्यान दें। जोकि सबसे ज्यादा कांड मैहर में ही होते हैं।



# ईरान में कार-ट्रक की भीषड़ टक्कर, छह लोगों की मौत

**ईरान।** मध्य ईरान में एक सड़क पर दो कारों की टक्कर में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। नैन रेड क्रिसेंट सोसाइटी के प्रमुख मोहम्मद जमानी ने बताया कि नैन-इस्फहान मार्ग पर हुए हादसे में एक कार बायीं ओर मुड़ी और विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई। जमानी ने कहा कि दुर्घटना में एक यात्री घायल हो गया, दुर्घटना के अन्य कारणों की जांच की जा रही है। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि ईरान में हर साल यातायात दुर्घटनाओं में 20,000 से अधिक लोग मारे जाते हैं और 200,000 अन्य घायल होते हैं। ड्राइविंग अनुभव की कमी और कारों और सड़कों की कम दक्षता कथित तौर पर शीर्ष कारण हैं।






# आसियान की बैठक में उठेगा म्यांमार में फांसी देने का मुद्दा

**नई दिल्ली ।**दुनियाभर में कड़ी प्रतिक्रियासेना ने निर्वाचित नेता आंग सान सू की को फरवरी 2021 में बेदखल कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद से बिना किसी न्यायिक प्रक्रिया के हजारों लोगों की हत्या के आरोप लगे हैं। सोमवार को दशकों बाद देश में आधिकारिक तौर पर फांसी की शुरुआत हुई और चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। म्यांमार में चार राजनीतिक कैदियों को फांसी देने पर मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी प्रतिक्रिया हुई। दुनियाभर की सरकारों ने इसकी कड़ी निंदा की। स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन कर म्यांमार में लोकतंत्र बहाल करने की मांग उठाई। मलयेशिया ने यह मामला आसियान बैठक में उठाने की बात कही है।



# इस गंभीर बीमारी से जूझ रही है चारू-राजीव की बेटी, अकेले देखभाल कर रहीं सुष्मिता की भाभी


**नई दिल्ली ।** चारू ने अपनी बेटी जियाना को लेकर एक खुलासा किया है। दरअसल, चारू ने एक वीडियो के जरिए जानकारी दी है कि उनकी बेटी एक गंभीर बीमारी से जूझ रही है, जिसे सुन सबको बहुत हैरानी हो रही है। इन दिनों

सुष्मिता सेन और उनका पूरा परिवार सुर्खियां बटोर रहा है। कभी अभिनेत्री और ललित मोदी के रिश्ते को लेकर तो कभी राजीव सेन और चारू असोपा के तलाक को लेकर। सुष्मिता के बनते रिश्ते के साथ ही उनके भाई का टूटता रिश्ता भी खूब लाइमलाइट बटोर रहा है। चारू असोपा और राजीव सेन एक दूसरे पर तरह तरह के आरोप लगा रहे हैं, जिसकी वजह से दोनों इन दिनो 'टॉक ऑफ द टाउन' बने हुए हैं। अब इन झगड़ों के बीच चारू ने अपनी बेटी जियाना को लेकर एक खुलासा किया है। दरअसल, चारू ने एक वीडियो के जरिए जानकारी दी है कि उनकी बेटी एक गंभीर बीमारी से जूझ रही है, जिसे सुन सबको बहुत हैरानी हो रही है। इस बीमारी से पीडि़त है बेटी इस समय अपने जीवन के एक बुरे दौर से गुजर रहीं टीवी अभिनेत्री चारू असोपा ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में उन्होंने अपने फैंस को बताया है कि उनकी नन्ही सी बेटी जियाना हाथ, पैर और मुंह की बीमारी से पीडि़त हैं, जिसे एचएफएमडी कहते हैं। यह बच्चों की एक वायरल बीमारी होती है। अपनी बेटी की बीमारी के बारे में बताते हुए चारू बहुत इमोशनल नजर आ रहीं थी। जियाना कुछ खा भी नहीं पा रही है और उसकी हालत इतनी खराब है कि उन्हें इस समय हर वक्त उसके साथ रहना पड़ रहा है। वह इस समय अकेले ही अपनी बेटी की देखभाल कर रही हैं। कुछ खा-पी नहीं पा रही है जियाना अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो साझा करते हुए अभिनेत्री ने बताया,'जियाना हाथ, पैर और मुंह की बीमारी से पीडित है। मैं हर पल साये की तरह उसके साथ रह रही हूं क्योंकि मैं नहीं चाहती कि मेरी बेटी इस समय बिल्कुल भी अकेला महसूस करे। उसके चेहरे, पैर, हाथों और गले के अंदर फफोले हो गए हैं। वह कुछ खा भी नहीं पा रही। मेरी बेटी इतनी परेशान हो चुकी है कि वह बस रोती रहती है। उसकी दवाइयां चल रही हैं।' चुनौतियों से लड़ना चाहिए वीडियो में बेटी की हालत के बारे में जानकारी देने के साथ ही चारू ने यह भी बताया कि 'वह रात के 2:30 बजे के बाद जियाना को हॉस्पिटल लेकर गई थीं। मैं अकेली हूं लेकिन मैंने हिम्मत जुटाई और अपनी बेटी की देखरेख करने की कोशिश भी की। लेकिन जियाना को हॉस्पिटल लेकर जाने के वक्त मैं बहुत डर गई थी और रोने लगीं। लेकिन मैं सभी से बस सह कहना चाहती हूं कि जब जिंदगी में चुनौतियां आएं, आपको इन्हें धैर्य और ठंडे दिमाग के साथ हैंडल करना आना चाहिए।

# बड़े पर्दे पर युवा अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाएगा यह अभिनेता

**नई दिल्ली ।** कंगना रणौत ने किया खुलासाबॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रणौत की आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' ने रिलीज से पहले ही धमाल मचा दिया है। एक तरफ जहां तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आने वाली कंगना रणौत ने अपने लुक से सबकी बोलती बंद की दी, वहीं दिवंगत राजनेता जय तलपड़े को कास्ट किया गया है। बुधवार को कंगना रणौत ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर श्रेयस तलपड़े का फर्स्ट लुक रिलीव कर दिया है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के किरदार में नजर आने वाले श्रेयस तलपड़े के लुक ने चौंका दिया है। इस पोस्टर में अटल बिहारी वाजपेयी के यंग ऐज की झलक देखने को





प्रकाश नारायण के रोल में अनुपम खेर ने सबको हैरान कर दिया है। इस बीच भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री और बीजेपी के दिवंगत वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाने वाले अभिनेता के नाम का खुलासा हो गया है। इस किरदार के लिए श्रेयस मिल रही है। श्रेयस तलपड़े के लुक को शेयर करते हुए कंगना रनौत ने लिखा- पेश है फिल्म 'इमरजेंसी' से भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के रूप में श्रेयस तलपड़े, एक सच्चे राष्ट्रवादी, जिनका देश के लिए प्यार और गौरव अद्वितीय था। जो आपातकाल के समय एक युवा आगामी नेता थेष्ठ

## एक्टर ही नहीं एक शानदार खिलाड़ी भी हैं राहुल

**नई दिल्ली ।** सैफ अली खान के पिता से सीखे क्रिकेट के गुरबॉलीवुड अभिनेता राहुल बोस ने अपनी दमदार अदाकारी के बल पर लोगों के दिलों में अपने लिए एक खास जगह बनाई है। 27 जुलाई 1967 को जन्मे राहुल बोस आज अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं। छह साल की उम्र से ही अपने स्कूल के नाटकों में भाग लेने वाले राहुल एक बेहतरीन अभिनेता ही नहीं एक शानदार खिलाड़ी भी हैं। राहुल बोस ने दस साल से ज्यादा समय तक प्रोफेशनल रग्बी खेला है और उन्होंने मंसूर अली खान पटौदी से क्रिकेट के गुर सीखे हैं। तो चलिए आज राहुल बोस के जन्मदिन के मौके पर उनके बारे में कुछ बातें आपको बताते हैं बेंगलुरु में जन्मे राहुल बोस का उनकी मां कुमुद बोस ने बचपन में ही बॉक्सिंग और रग्बी से परिचय करा दिया था। रग्बी के अलावा वह क्रिकेट के भी शौकीन हैं। उन्होंने मशहूर क्रिकेटर और सैफ अली खान के पिता मंसूर अली खान पटौदी से क्रिकेट सीखा है। उन्हें बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल भी मिला है। बहुत कम लोग ही इस बात को जानते हैं कि राहुल बोस ने 8 साल तक एशियाई संघ रग्बी चैंपियनशिप में भाग लिया था। वह भारतीय रग्बी टीम के पहले चेहरे थे, जिन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया था।

# खतरे में तेलुगू इंडस्ट्री अगस्त से रोकी गई शूटिंग प्रभावित होंगी प्रभास महेश बाबू की फिल्में

**नई दिल्ली ।** एक्टिव तेलुगु प्रोड्यूसर्स गिल्ड ने घोषणा की है कि तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री के सभी निर्माता बदले हुए रेवेन्यू मॉडल की वजह से अगस्त से शूटिंग रोक देंगे। प्रोड्यूसर्स गिल्ड के सदस्यों ने मंगलवार को पत्र जारी करते हुए इस बात का एलान किया है कि एक अगस्त से शुरू होने वाली फिल्मों की शूटिंग अब नहीं होगी। सभी फिल्मों की शूटिंग तब तक शुरू नहीं होगी जब तक प्रोड्यूसर्स अपनी समस्याओं के समाधान खोज नहीं लेते हैं। बता जाता। तेलुगू प्रोड्यूसर्स गिल्ड का कहना है, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने इकोसिस्टम को बेहतर बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि हम अपनी फिल्मों को स्वस्थ वातावरण में रिलीज करें। इस संबंध में, गिल्ड के सभी निर्माता सदस्यों ने स्वेच्छा से 1 अगस्त 2022 से शूटिंग पर रोक लगाने का फैसला किया है । हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि कौन से प्रोडक्शन हाउस और फिल्में इस फैसले का पालन करेंगी, लेकिन अटकलें लगाई जा रही हैं




दें कि आरआरआर, केजीएफ 2 और कुछ अन्य फिल्मों को छोड़कर पिछले कुछ हफ्तों में रिलीज हुई फिल्मों के खराब प्रदर्शन की वजह से 'एक्टिव तेलुगू प्रोड्यूसर्स गिल्ड काफी चिंतित हैं। इसलिए उन्होंने तेलुगू इंडस्ट्री को पुनर्गठित करने, फिल्म बजट, ओटीटी रिलीज और थिएट्रिकल रिलीज सहित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है। जारी किए गए लेटरहेड में बदलते रेवेन्यू और कॉस्ट पर भी प्रकाश डाला गया है। नोट में कहा गया है कि इन बदलती परिस्थितियों को देखते हुए, निर्माताओं ने तब तक फिल्म की शूटिंग रोकने का फैसला किया है जब तक कोई समाधान नहीं मिल कि महेश बाबू, जूनियर एनटीआर और प्रभास जैसे अभिनेताओं की आने वाली फिल्मों की शूटिंग में इस वजह से देरी हो सकती है। महामारी के बाद तेलुगू फिल्म उद्योग ने कई हिट फिल्में, जैसे- आरआरआर और पुष्पाः द राइज दी हैं, लेकिन निर्माता बदलते राजस्व मॉडल से सावधान हैं। एक फिल्म निर्माता ने पीटीआई से बातचीत के दौरान इस बात का खुलासा किया था कि ठआरआरआर, पुष्पा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को छोड़कर, नाटकीय राजस्व 20 फीसदी के निचले स्तर तक जा गिरा है। यही वजह है कि हर कोई उद्योग की स्थिरता को लेकर चिंतित है।

# गब्बर सिंह के लिए पहली पसंद नहीं थे अमजद खान, धोबी से प्रभावित होकर बने थे खूंखार डाकू

**नई दिल्ली ।** भारतीय इतिहास में ऐसे कई कलाकारों के नाम दर्ज हैं, जिन्होंने अपने बेहतरीन अभिनय की अमिट छाप छोड़ी है। शोले में गब्बर सिंह का किरदार निभाने वाले अभिनेता अमजद खान भी ऐसे ही कलाकारों में से एक हैं। डाकू के इस किरदार से घर घर प्रसिद्ध हुए अभिनेता ने अपने इस किरदार को इतनी शिद्दत से




निभाया कि लोगों के मन में उनकी डाकू वाली छवि आज तक मिट नहीं पाई है। अपनी दमदार आवाज और बेहतरीन डायलॉग डिलीवरी के दम पर गब्बर सिंह हिंदी सिनेमा के खूंखार खलनायकों में आज भी अव्वल है। फिल्म जगत का नायाब सितारा आज ही के दिन दुनिया को अलविदा कह गया था। अभिनेता की पुण्यतिथि के मौके जानते हैं उनके इस किरदार से जुड़ी दिलचस्प बातें- 12 नवंबर 1940 को पेशावर में जन्मे अमजद खान ने अपने फिल्मी करियर में यूं तो कई फिल्मों में काम किया, लेकिन फिल्म शोले में गब्बर का किरदार निभा कर उन्हें जो लोकप्रियता हासिल हुई, वह शायद ही किसी खलनायक को आज तक मिली हो। लेकिन बहुत कम लोग ही जानते होंगे कि गब्बर सिंह के इस दमदार किरदार के लिए अमजद खान पहली पसंद नहीं थे। इस रोल के लिए पहले अभिनेता डैनी से संपर्क किया गया था, लेकिन उस समय डैनी फिल्म धर्मात्मा की शूटिंग में व्यस्त थे। ऐसे में उन्होंने शोले में इस किरदार को करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद यह रोल अमजद खान की झोली में आ गिरा। गब्बर सिंह के लिए अमजद खान का नाम बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के पिता सलीम खान ने सुझाया था। कौन जानता था कि सलीम खान का यह सुझाव इतिहास के पननें में अमजद खान को हमेशा के लिए अमर कर देगा। गब्बर सिंह के किरदार के लिए चुने जाने के बाद इस किरदार में ढलना अमजद खान के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। फिल्म में अमजद खान के बोले गए डायलॉग आज भी लोगों की जुबां पर चढ़े हुए हैं। अमजद खान के जिस अंदाज को लोगों ने सबसे ज्यादा पसंद किया वह अभिनेता का ओरिजिनल स्टाइल नहीं था। फिल्म में अमजद खान के बात करने का तरीका उनके गांव के एक धोबी से प्रेरित था। दरअसल, अमजद खान के गांव में एक धोबी रहता था, जो रोज सुबह इसी अंदाज में लोगों से बात किया करता था। अभिनेता ना सिर्फ धोबी के इस स्टाइल से काफी प्रभावित थे, बल्कि उसे गौर से सुना भी करते थे। धोबी की इस शैली से प्रभावित होकर अमजद खान ने किसी और की शैली कॉपी करने की जगह धोबी के इस ठेठ अंदाज को अपनाने का फैसला किया और अभिनेता के इस फैसले में उन्हें हिंदी सिनेमा में एक अलग मुकाम पर पहुंचा दिया। शूटिंग के दौरान जब अमजद खान ने धोबी की स्टाइल में डायलॉग बोलना शुरू किया तो फिल्म के डायरेक्टर रमेश सिप्पी समेत पूरी यूनिट हैरान रह गई और इस तरह शोले के गब्बर सिंह का यह किरदार हमेशा के लिए अमर हो गया। साल 1951 में फिल्म नाजनीन से बतौर बाल कलाकार इंडस्ट्री में कदम रखने वाले अभिनेता ने अपने करियर में कई फिल्में कीं। 17 साल की उम्र में बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले अमजद खान ने 1973 में आई फिल्म हिंदुस्तान की कसम के जरिए बतौर हीरो डेब्यू किया था। अपने लंबे फिल्मी करियर के दौरान अमजद खान ने परवरिश, मुकद्दर का सिकंदर, लावारिस, हीरालाल-पन्नालाल, सीता और गीता जैसी फिल्मों में भी काम किया था।

# आदिपुरुष' बनेगी भारतीय सिनेमा की नई पहचान, निर्देशक ओम राउत की मेहनत को मेरा प्रणाम



**नई दिल्ली ।** हिंदी सिनेमा में इन दिनों अगर किसी एक अभिनेत्री के पास विविधतापूर्ण किरदारों का पूरा गुलदस्ता है तो उनमें कृति सेनन का नाम सबसे ऊपर आता है। उनकी आने वाली फिल्मों 'आदिपुरुष', 'भेडि़या', 'गणपत' और 'शहजादा' से भी उनके चाहने वालों



को काफी उम्मीदें हैं। पराक्रमी राम पर बन रही उनकी फिल्म 'आदिपुरुष' उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म है और इसका इंतजार सिर्फ भारतीय दर्शक ही नहीं बल्कि भारतीय मूल के वे करोड़ों दर्शक भी कर रहे हैं जो दुनिया के तमाम दूसरे देशों में रह रहे हैं। करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर इसे रिलीज करने की तैयारी है और कृति को पता है कि ये फिल्म उनके लिए कितनी अहम है कृति सेनन कहती हैं, 'फिल्म 'आदिपुरुष' हम सबके लिए खास फिल्म है और इसमें सीता का किरदार बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे ऐसा किरदार निभाने का मौका मिल रहा है। फिल्म के निर्देशक ओम राउत ने इस फिल्म को जिस तरह से तैयार किया है, वह किसी प्रेरणा से कम नहीं है। उनकी मेहनत को मैं प्रणाम करती हूं। उन्होंने इस फिल्म में सीता की जो छवि गढ़ी है, वह अब तक छोटे परदे या फिल्मों में दिखी उनकी छवियों से काफी अलग है। मुझे पूरा यकीन है कि फिल्म 'आदिपुरुष' भारतीय सिनेमा की एक नई पहचान बनकर उभरेगी।' कृति की पिछली दो फिल्में 'बच्चन पांडे' और 'हम दो हमारे दो' खास कमाल नहीं कर पाईं। लेकिन, इन दोनों फिल्मों में कृति ने अपने किरदार को लेकर काफी मेहनत की। वह कहती हैं, 'फिल्म का बॉक्स ऑफिस नतीजा क्या होगा, ये तो फिल्म बनाते समय किसी को नहीं पता होता। हमारे बस में होता है हर फिल्म के लिए अपना सौ फीसदी समर्पण दिखाना। किसी भी किरदार को करने के लिए, उसको जीने के लिए जो कुछ भी जरूरी होता है। मैं करती हूं। बचपन से ही माधुरी दीक्षित की दीवानी रहीं कृति सेनन पेशे से इंजीनियर रही हैं। पिता राहुल सेनन सीए हैं और मां फिजिक्स की प्रोफेसर। बहन नुपूर का भी मॉडलिंग और एक्टिंग में खासा नाम है। निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की फिल्म 'पानीपत' को कृति अपने करियर का टर्निंग प्वाइंट मानती हैं। वह कहती हैं, 'पानीपत की लड़ाई पर आधारित एक फिल्म मे अगर एक युवती का किरदार उभर कर आ जाए तो वही अपने आप में बड़ी बात है। युद्ध आधारित फिल्मों में अक्सर ऐसा होता नहीं है लेकिन फिल्म 'पानीपत' में ऐसा हुआ। एक अभिनेत्री के तौर पर मुझे लगता है कि मुझे वहां बहुत सराहा गया और इसके बाद ही मुझे खुद भी अंदर से महसूस हुआ कि मैं अब इससे भी चुनौतीपूर्ण कुछ कर सकती हूं।' फिल्म 'मिमी' के लिए दर्जनों पुरस्कार जीत चुकीं कृति सेनन इस फिल्म के बारे में चर्चा चलने पर कहती हैं, 'कहीं न कहीं मैं ढूंढ रही थी ऐसा कोई किरदार। कई बार हम अंदर से किसी काम को करने के लिए तैयार होते हैं और आपको वही करने का मौका मिल जाता है। 'लुकाछिपी' में काम करने के चलते ही मुझे ये फिल्म मिली थी। 'लुकाछिपी' हालांकि बहुत ही हल्की फुल्की फिल्म थी जबकि 'मिमी' बहुत ही भावुक फिल्म है। 'लुकाछिपी' में एक बहुत ही इमोशनल सीन था, जिसे देखने के बाद मुझे 'मिमी' का चुनौतीपूर्ण रोल सौंपा गया।'

# कृति सेनन को केक खिलाते नजर आए कार्तिक, 'शहजादे' ने 'परम सुंदरी' को इस तरह किया बर्थडे विश

**नई दिल्ली ।** बॉलीवुड की परम सुंदरी और स्माइल क्वीन यानि कृति सेनन आज अपना 31वां जन्मदिन मना रही हैं। दिल्ली की रहने वाली इस अभिनेत्री ने बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड के हिंदी सिनेमा में जो मुकाम बनाया है वह तारीफ के काबिल है। कृति आज बॉलीवुड की टॉप लिस्ट अभिनेत्रियों में शुमार में दोनों की केमेस्ट्री को खूब पसंद किया गया था। इस समय कृति सेनन कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म शहजादा की शूटिंग कर रही हैं। दोनों की जोड़ी को पर्दे पर खूब पसंद किया जाता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति सेनन आखिरी बार अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'बच्चन पांडे' में नजर आई थीं। इस वक्त

हैं। तेलुगू फिल्म से करियर की शुरुआत करने वाली इस अभिनेत्री ने हीरोपंती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। आज के समय में कृति न सिर्फ बॉलीवुड का जाना माना नाम हैं, बल्कि अपनी एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपये फीस लेती हैं। कृति सेनन के इस खास दिन पर उनको परिवार, दोस्त और उनके को एक्टर्स बधाई दे रहे हैं। कृति सेनन के जन्मदिन के अवसर पर बॉलीवुड के चार्मिंग एक्टर कार्तिक आर्यन ने एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में वह कृति को केक खिलाते और जन्मदिन की शुभकामनाएं देते नजर आ रहे हैं। कार्तिक ने फोटो शेयर करते हुए लिखा- 'डाइट नहीं तोड़ी लड़की ने रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'फ्रेडी' भी है। तुम्हारे शहजादे की तरफ से हैप्पी बर्थडे परम सुंदरी'। कार्तिक के इस पोस्ट पर कृति का भी रिप्लाई आया है। उन्होंने लिखा- पोज देने के बाद केक के लिए थैंक यू ! इसके साथ उन्होंने क्रेजी वाला इमोजी भी बनाया है। कार्तिक की इस पोस्ट पर यूजर्स के भी जमकर रिएक्शन आ रहे हैं। हर कोई कृति को जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहा है। कृति सेनन, कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लुका छिपी में नजर आ चुकी हैं। इस फिल्म उनके पास कई दिलचस्प फिल्में हैं। 'शहजादा' के अलावा वह वरुण धवन के साथ 'भेडिया' में नजर आएंगी। इसके साथ ही उनके पास पैन इंडिया फिल्म 'आदिपुरुष' भी है, जिसमें कृति प्रभास के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। कार्तिक आर्यन के काम की बात करें तो इस समय वह शहजादा की शूटिंग में व्यस्त हैं।

# सामने वाली खिड़की में किसको देखकर हंस पड़ीं अनुष्का

**नई दिल्ली ।** पेरिस में मस्ती के मूड में दिखीं एक्ट्रेससामने वाली खिड़की में किसको देखकर हंस पड़ीं अनुष्का,पेरिस में मस्ती के मूड में दिखीं एक्ट्रेसइंडस्ट्री की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक अनुष्का शर्मा इन दोनों सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव रहती हैं। वह लगातार अपने पेरिस वेकेशन की अपडेट अपने फैंस को दे रही हैं। इसी बीच अभिनेत्री अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी एक मुस्कुराती तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में अनुष्का अपने होटल की खिड़की पर खड़ी नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं वह किसी को देखकर खिलखाकर हंसती भी नजर आ रही हैं। तस्वीर साझा करते हुए अनुष्का ने लिखा, 'मेरे सामने वाली खिड़की में।' उनके फैंस लगातार इस तस्वीर पर कमेंट कर रहे हैं। लाखों की फैन फॉलोइंग रखने वाली अनुष्का के प्रशंसक उनकी इस तस्वीर पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। वह अपनी पसंदीदा अभिनेत्री के इस अंदाज पर खूब प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा,'बहुत प्यारा आपके जितना प्यार कोई नहीं हो सकता।' तो वहीं दूसरे यूजर ने अनुष्का को बेहरीत बताते हुए लिखा,'ऑसम।' इस तरह के कमेंट के साथ ही उनके फैंस इस तस्वीर पर हार्ट और फायर इमोजी भी ड्रॉप कर रहे हैं।लंबे समय से बड़े पर्दे से दूरी बनाकर बैठी अनुष्का वेकेशन एंजॉय करने के साथ-साथ अब स्क्रीन पर कमबैक की तैयारी भी कर रही हैं। वह जल्द ही स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी झूलन गोस्वामी के जीवन पर आधारित है। अनुष्का ने फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल खत्म कर लिया है और जल्द ही दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर देंगी।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।







स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक


प्रयागराज

प्रयागराज

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।






## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कण्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करें :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274